26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 30 दिसम्बर, 2025
अंक- 67 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## नये साल से पहले 'हाउसफुल' हुई काशी

**वाराणसी( एजेंसी/चिंगारी )।** अगर आप नये साल का स्वागत बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में करने का मन बना रहे हैं, तो घर से निकलने से पहले वहां के हालात जान लेना बेहद जरूरी है। वाराणसी में नये साल के जश्न से पहले ही आस्था और पर्यटन का ऐसा जनसैलाब उमड़ पड़ा है कि शहर की गलियों से लेकर घाटों तक भारी भीड़ नजर आ रही है। काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन के लिए अभी से ही लंबी कतारें



लग रही हैं। कड़ाके की ठंड में भी लोग घंटों तक लाइन में लगकर दर्शन का इंतजार कर रहे हैं। देश के अलग-अलग राज्यों से लोग वाराणसी में पहुंच रहे हैं। काशी विश्वनाथ धाम में उमड़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने बड़े फैसले लिए हैं। दर्शन के लिए घंटों लंबी कतारें लग रही हैं, जिसे नियंत्रित करने के लिए वीआईपी दर्शन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। मंदिर की ओर आने वाले सभी प्रमुख रास्तों को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है, यहां तक कि ई-रिक्शा के प्रवेश पर भी पाबंदी है।

# बंगाल से घुसपैठ समाप्त करेंगे, चुन-चुनकर बाहर निकालेंगे

## कोलकाता में बोले अमित शाह

**कोलकाता ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम बंगाल के दौरे पर पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 15 साल में बंगाल भय, भ्रष्टाचार और घुसपैठ का शिकार हुआ है। शाह ने दावा किया कि 2026 में बीजेपी की सरकार बनने पर घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर किया जाएगा, विकास को तेज किया जाएगा और बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जाएगा।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बंगाल की सीमा से हो रही घुसपैठ सिर्फ राज्य का नहीं, बल्कि पूरे देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की संस्कृति और सुरक्षा को बचाने के लिए बंगाल की सीमाओं को सील करने वाली सरकार जरूरी है। शाह ने दावा किया कि यह काम टीएमसी नहीं, बल्कि केवल भाजपा ही कर सकती है।

गृहमंत्री ने कहा, 14 वर्षों से भय और भ्रष्टाचार, बंगाल की पहचान बना हुआ है। 15 अप्रैल, 2026 के बाद जब बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, तब बंग गौरव, बंग संस्कृति और उसके पुनर्जागरण की हम शुरुआत करेंगे। विवेकानंद जी, बंकिम बाबू, गुरुदेव टैगोर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का बंगाल बनाने का प्रयास करेंगे।



गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, टीएमसी के 15 साल के शासन में भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और विशेषकर घुसपैठ से बंगाल की जनता भयभीत भी है, आशंकित भी है। हम बंगाल की जनता को आश्वासन भी देना चाहते हैं और वादा भी करते हैं कि मोदी जी के नेतृत्व में बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही यहां की विरासत को पुनर्जीवित करेंगे, विकास की गंगा फिर से तेज गति से बहेगी और गरीब कल्याण को प्राथमिकता देंगे।

अमित शाह ने कहा, आज 30 दिसंबर का दिन हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का दिन है। आज ही के दिन 1943 में बंगाल की भूमि के सुपुत्र, देश के महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाषचंद्र बोस ने पोर्ट ब्लेयर में पहली बार आजाद भारत का झंडा फहराया था। एक प्रकार से यह हमारी आजादी के संग्राम का एक महत्वपूर्ण मुकाम था। दशकों बाद जब हम आज को देखते हैं, तो बंगाल के लिए 30 दिसंबर से लेकर अप्रैल तक का समय महत्वपूर्ण है। अमित शाह ने कहा, अप्रैल में बंगाल में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और घुसपैठ की जगह विकास, विरासत और गरीब कल्याण की एक मजबूत सरकार बनाने का बंगाल की जनता का संकल्प दिखाई पड़ता है।

## अल्मोड़ा में खाई में गिरी बस

## सात लोगों की मौत

**अल्मोड़ा ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। एक बस खाई में गिर गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो महिलाओं समेत 12 यात्री घायल हो गए। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, अल्मोड़ा के भिकियासैंण इलाके के शिलापनी में एक बस हादसे का शिकार हो गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। बस में सवार अन्य 12 यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन व राहत-बचाव दल मौके पहुंचा। घायलों को निकालकर उन्हें चिकित्सकीय सहायता के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिले के भिकियासैंण इलाके में शिलापनी के पास



एक बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में सात लोगों की जान चली गई, जबकि दो महिलाओं समेत 12 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, प्रशासन और राहत-बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे। घायलों को खाई से निकालकर नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, बस में कुल 19 यात्री सवार थे। हादसे की वजह का पता किया जा रहा है। अनुमान है कि चालक का नियंत्रण खो जाने की वजह से यह हादसा हुआ। मृतकों में पांच पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। गोविंद बल्लभ (80 वर्ष), उनकी पत्नी पार्वती देवी (75 वर्ष), दोनों जमोली निवासी, सूबेदार नंदन सिंह अधिकारी (65 वर्ष), जमोली, तारा देवी (50 वर्ष), बाली, गणेश (25 वर्ष), उमेश (25 वर्ष) और एक अज्ञात युवक जिसकी पहचान अभी की जा रही है।

VIVEK UNIVERSITY INDIA
ESTD : 2003
CAMPUS
Moradabad Road Bijnor (UP) 246701
REQUIRED
Telecaller | Counsellor
Social Media Handler
Good communication skills ability to handle calls
Good computer knowledge, Polite, confident
having social media handling knowledge
Freshers candidates may also apply
Send your CV to our email address or visit the office during working hours
hr@vivekuniversity.ac.in +91 8192005001

# नये साल में ऋषिकेश को मिलेगी बड़ी सौगात

## जनवरी के अंत तक जनता के लिए खुलेगा आधुनिक बजरंग सेतु

**ऋषिकेश ( चिंगारी )**। उत्तराखंड में ऋषिकेश के निवासियों और देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों को नये साल की शुरुआत में बड़ी सौगात मिलने जा रही है। गंगा नदी पर निर्माणाधीन अत्याधुनिक बजरंग सेतु को शीघ्र ही आम जनता के लिए खोलने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सोमवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग अधिकारियों ने 26 जनवरी तक इस सेतु के निर्माण कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि किसी तकनीकी कारण से मामूली विलंब होने पर भी जनवरी के अंत या फरवरी के पहले सप्ताह तक पुल को खोल दिया जाएगा।



लोक निर्माण विभाग के मुताबिक गंगा पर बन रहा यह सस्पेंशन ब्रिज अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। विभाग को निर्देश दिये गये हैं कि कार्य को तय समय सीमा में पूरा किया जाए, ताकि वर्ष 2026 की शुरुआत में यह पुल पूरी तरह जनता को समर्पित किया जा सके। इसके शुरू होने से न केवल तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी आवागमन कहीं अधिक सुगम हो जाएगा। गौरतलब है कि वर्ष 1929 में निर्मित ऐतिहासिक लक्ष्मण झूला जर्जर स्थिति के कारण वर्ष 2019 में सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया था। इसके बाद क्षेत्र में एक नये और सुरक्षित पुल की आवश्यकता महसूस की गई।

जिसके परिणामस्वरूप बजरंग सेतु के निर्माण की योजना को मूर्त रूप दिया गया। अब यह पुल अपने अंतिम स्वरूप में नजर आने लगा है।

पुल का मुख्य संरचनात्मक कार्य पूरा हो चुका है। डेक पर ग्लास लगाने का काम भी संपन्न कर लिया गया है। वर्तमान में फाइबर रिइन्फोर्सड पॉलिमर का कार्य प्रगति पर है। कुल लगभग 2400 वर्ग मीटर क्षेत्र में एफआरपी लगाया जाना है, जिसमें से करीब 1200 वर्ग मीटर का कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य को भी जल्द ही समाप्त करने का दावा किया जा रहा है। करीब 132 मीटर लंबे इस आधुनिक सस्पेंशन ब्रिज की निर्माण लागत लगभग 68 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ग्लास डेक इसकी सबसे बड़ी विशेषता है, जो गंगा के ऊपर से गुजरते समय पर्यटकों को रोमांचकारी अनुभव प्रदान करेगा। यही कारण है कि बजरंग सेतु को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### पुल नई तकनीक का बेहतरीन उदाहरण

**भौगोलिक रूप से ऋषिकेश क्षेत्र में स्थित यह पुल प्रशासनिक दृष्टि से टिहरी और पौड़ी जिलों को जोड़ेगा। पुल को और आकर्षक बनाने के लिए रंग-बिरंगी लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है, वहीं सुरक्षा के मद्देनज़र सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। उत्तराखंड का यह पहला आधुनिक ग्लास सस्पेंशन ब्रिज नई तकनीक का बेहतरीन उदाहरण है। इसके उद्घाटन से न सिर्फ यातायात को नई गति मिलेगी,बल्कि ऋषिकेश की पर्यटन छवि को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है।**

## अलाव में लकड़ियां मिलीं कम देखकर नाराज हुये एसडीएम

### रैन बसेरों और अलावों का किया निरीक्षण



रोडवेज बस स्टैंड पर जल रहे अलाव की व्यवस्था का जायजा लेते एसडीएम व सीओ।

**नगीना ( चिंगारी )**। भीषण ठंड व कोहरे की मार झेल रहे राहगीरों की सुविधाओं को चैक करने के लिए प्रशासन की टीम ने सोमवार की रात्रि पालिका द्वारा बनाये गये रैन बसेरे व अलाव की व्यवस्था का जायजा लिया।

सोमवार की रात्रि एसडीएम विजय शंकर, सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना अध्यक्ष अवनीत मान के साथ सबसे पहले गांधी मूर्ति तिराहे पर पहुंचे, जहां उन्होंने अलाव की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद पूरी टीम स्टेशन चौराहे, रेलवे स्टेशन परिसर व रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंची। एसडीएम व सीओ ने रैन बसेरा में उपलब्ध सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बने रैन बसेरे में अधूरी सुविधाओं पर नाराजगी जताई। सीओ ने प्रमुख स्थानों पर अलाव में जलने वाली लकड़ियों की मात्रा कम होने पर इस कार्य को देख रहे कर्मचारियों को फटकार भी लगाई। एसडीएम ने दोटूक कहा कि यदि ठंड के मौसम में अलाव व  रैन बसेरे की व्यवस्था में कोई भी कोताही बरती गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए 79000 करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )**। सरकार ने सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए 79,000 करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में



तीनों सेनाओं के लिए आवश्यकता के आधार पर खरीद के इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष की अंतिम बैठक में मंजूर किये गये इन खरीद सौदों की कुल अनुमानित लागत लगभग 79,000 करोड़ रुपये है और इनमें सेना की तोपखाना रेजिमेंट के लिए लॉयटर म्यूनिशन सिस्टम, लो लेवल लाइट वेट रडार, पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट एम्युनिशन तथा इंटीग्रेटेड ड्रोन डिटेक्शन एंड इंटरडिक्शन सिस्टम मार्क-II की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में नौसेना के लिए बोलार्ड पुल टग्स, हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक तथा हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम को लीज पर लेने के प्रस्तावों को आवश्यकता पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई। वायुसेना के लिए ऑटोमैटिक टैक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम, अस्त्र मार्क-II मिसाइलें, फुल मिशन सिम्युलेटर तथा स्पाइस-1000 लॉन्ग रेंज गाइडेंस किट्स आदि की खरीद को आवश्यकता की स्वीकृति दी गई।



## राशिफल


### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्


**बुधवार, 31 दिसम्बर 2025**

मेष- आर्थिक-व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, कठिनाइयों का निराकरण, उच्चाधिकारियों से लाभ, दाम्पत्य जीवन मधुर, संभावित यात्रा सुखद।

वृषभ- स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यक्ति विशेष से हानि की संभावना, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, भौतिक सुख-सुविधा में कमी, दाम्पत्य जीवन में तनाव।

मिथुन- स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य हितकर, अधिकारियों से आशानुकूल सहयोग, वाद-विवाद का समापन, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

कर्क- कार्य-व्यवसाय में उन्नति हेतु सुपरिचितों से विचार-विमर्श, अधूरी योजना साकार, बकाए धन की प्राप्ति, आपसी संबंधों में सुधार, यात्रा सुखद।

सिंह- भाग्योन्नति हेतु नवीन आयाम, नवयोजना का श्रीगणेश, दूसरों के आशसन से मानसिक राहत, परोपकार की भावना जागृत, पूँजी का प्रतिफल प्राप्त।

कन्या- अभिलाषा की पूर्ति में व्यवधान, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, प्रतियोगिता में असफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, व्यक्तिगत समस्याओं से मन अशांत।

तुला- भाग्य उन्नति में सहायक, कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, जटिल समस्या का संतोषजनक समाधान, दाम्पत्य जीवन मधुर, यात्रा आशाजनक।

वृश्चिक- व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति की दिशा में प्रयास, राजनैतिक कृत्यों में रुचि, आकस्मिक लाभ का सिलसिला, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, मन प्रसन्न।

धनु- समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, किसी योजना का सुपरिणाम, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, भौतिक सुख।

मकर- व्यापार में निराशा, धन का अभाव, किसी मुद्दे पर तनाव, दूसरों की गलतफहमी के शिकार, पारिवारिक उलझनें, वाहन से चोट-चपेट की आशंका।

कुम्भ- कार्य-व्यवसाय में विस्तार हेतु नवयोजना की शुरुआत, व्यक्तिगत समस्या का संतोषजनक समाधान, शुभ भावनाओं का उदय, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता।

मीन- व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि चातुर्य से संकल्पसिद्धि, अध्यवसाय की ओर रुझान, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।


एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# हरे-भरे पेड़ों पर चलाया आरा आम का बाग काट दिया सारा

## भाकियू सामाजिक ने वन चौकी पर दिया धरना




**नहटौर ( चिंगारी )।** हरे-भरे पेड़ों का कटान लगातार जारी है, जिससे क्षेत्र में पर्यावरण को खतरा बढ़ता जा रहा है। कमालपुर रोड पर आम का बाग रातोंरात काट दिया गया। जिन पेड़ों को रोगग्रस्त बताकर वन विभाग द्वारा परमिट जारी किया गया, वे हरे-भरे और पूरी तरह स्वस्थ थे। इन पेड़ों पर पिछले साल अच्छी फसल आई थी। भाकियू सामाजिक ने पेड़ों के कटान के विरोध में वन चौकी पर धरना दे रखा है।

कमालपुर रोड पर कल तक आम का हरा-भरा बाग था। आज वहां चौड़ है। हरे-भरे पेड़ों पर बड़ी बेदर्दी से आरा चला दिया गया। जमीन पर कटे पड़े पेड़ खुद सारी कहानी बयां कर रहे हैं। वन विभाग का कहना है 40 बीमार पेड़ों का परमिट जारी किया गया था। इससे ज्यादा पेड़ नहीं काटने दिये जायेंगे। लेकिन कालोनी काटने वालों ने ठेकेदार के साथ मिलकर इससे कहीं ज्यादा पेड़ों पर आरा चला दिया।

भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के युवा जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष ललित कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद सिंह, ललित कुमार, बंटी कुमार, नरेन्द्र सिंह, नितिन कुमार, लोकेश कुमार, लवकुश कुमार, पंकज कुमार, इकरार अहमद, अमजद खान आदि ने वन चौकी पर धरना दिया। यूनियन के लोगों का कहना है कि वन विभाग की मिलीभगत से हरे-भरे पेड़ों का अवैध कटान किया गया है। 40 पेड़ों के परमिट की आड़ में इससे कहीं ज्यादा पेड़ काट दिये गये।

उधर, वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि धरना दे रहे लोगों को अनुमति पत्र दिखा दिया गया है। 40 पेड़ों का परमिट जारी हुआ है। इससे अधिक एक भी पेड़ नहीं काटा जायेगा। डिप्टी रेंजर ने भाकियू सामाजिक के आरोपों को बेबुनियाद बताया।

## ब्राह्मण महासभा की समीक्षा बैठक में चेयरपर्सन इन्दिरा सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया गया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक बैठक नई बस्ती स्थित बाल भारती स्कूल के हाल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' एवं संचालन डॉ. रोशन लाल शर्मा ने किया। बैठक में विगत 25 दिसंबर को मालवीय जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित राकेश शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष मालवीय जयंती पर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ब्राह्मणों की भारी भीड़ ने यह सिद्ध कर दिया है कि जनपद का ब्राह्मण समाज अच्छे नेतृत्व में एक मंच पर आने के लिए तत्पर है। जिला अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने नगर पालिका चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह द्वारा नगर के मुख्य चौक सेंट मेरिज का नाम भगवान परशुराम चौक रखे जाने का ब्राह्मण समाज की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित विप्रो ने कहा कि किसी भी बड़े चौक पर भगवान की प्रतिमा के बजाए प्रतीक चिन्ह के रूप में भगवान परशुराम के फरसे लगाए जाएं। बैठक में आलोक भारद्वाज, राजेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, पंडित दिनेश चंद्र शास्त्री, आशीष शर्मा, अनुपम शर्मा, सविता शर्मा, सुनील शर्मा, राजीव शर्मा गौरव शर्मा एवं आरडी शर्मा मौजूद रहे।






**भली लगे या बुरी ...**

## भाजपा के समक्ष चुनौती

वर्तमान समय में बसपा का प्रदेश में केवल एक विधायक है, पर इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि उसे बिहार विधानसभा में भी एक सीट पर सफलता मिली है। सुश्री मायावती प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पहले अपनी सारी शक्ति बटोरने के प्रयास कर रही हैं। उन्होंने अनेक नेताओं को माफ कर पार्टी में फिर शामिल किया है तथा आकाश आनन्द को ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका भी है। अतीत पर गौर करें तो यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि एक कालखंड में ओबीसी व दलितों के बड़े वर्ग के साथ ही सवर्ण समाज का एक हिस्सा मजबूती से बसपा से जुड़ा था और सुश्री मायावती अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल हुई थीं। लेकिन उनके 'सर्वजन प्रयोग' ने बसपा की वह वैचारिक धार कुंद कर दी थी जो तीन बार भाजपा के साथ साझा सरकार बनाने के बावजूद पूरी तरह तीखी बनी हुई थी। भले ही बसपा की वर्तमान स्थिति बहुत अच्छी न हो, पर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में वह निश्चित रूप से चुनावी त्रिकोण बनाने में सफल होगी। ऐसे में यह कहना कठिन होगा कि हाथी की चाल से कमल व साइकिल में से कौन ज्यादा प्रभावित होगा। भाजपा को इन स्थितियों को देखते हुए संगठन तथा सरकार के बीच तालमेल और बेहतर बनाने के प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही निष्पक्ष और तटस्थ दृष्टिकोण से विधायकों के कामकाज तथा उनकी लोकप्रियता के बारे में सर्वेक्षणों के आधार पर ही उनको विधानसभा चुनाव में टिकट देने या न देने का निर्णय करना होगा। भाजपा के समक्ष 'हिंदुत्व' की आक्रामकता की सीमा निर्धारित करने की भी चुनौती है क्योंकि सपा का 'पीडीए' शक्तिशाली होने पर न केवल मुस्लिम समाज को अपने साथ एकजुट करेगा, बल्कि भाजपा के तमाम प्रयासों के बावजूद हिंदू समाज का एक हिस्सा भी उसके साथ जा सकता है। यह स्थिति भाजपा के लिए अकल्पनीय पराजय वाली भी हो सकती है। भाजपा को समझना होगा कि केवल 'हिंदुत्व', 'आतंकवाद', 'इस्लामी कट्टरता' जैसे मुद्दे उसे विजय दिलाने के लिए काफी नहीं होंगे। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष यह चुनौती भी होगी कि ओबीसी व दलित समाज से आने वाले उसके समर्थक नेता तथा समर्थक दल भाजपा के साथ मजबूती से एकजुट बने रहें।

# एसआईआर : यूपी में 2 करोड़ 89 लाख वोट कटने का मतलब?



इक़बाल हिन्दुस्तानी

बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव आयोग का एसआईआर का पहला चरण पूरा हो चुका है। संयोग और आश्चर्य की बात यह है कि जिस बंगाल में एसआईआर को लेकर सबसे अधिक घमासान मचा था, वहां मात्र 58 लाख वोटर के नाम लिस्ट से काटे गये हैं। इनमें भी बंग्लादेशी घुसपैठियों की गिनती इस लायक नहीं है कि केंचुआ उनकी संख्या को सार्वजनिक करे। जबकि राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी का दावा है कि इनमें से 32 लाख वो मतदाता हैं जिनके नाम 2025 की लिस्ट में थे, लेकिन 2002 की सूची में नहीं होने से ये अपने प्रपत्र जमा नहीं कर सके हैं। यह राज्य की सीएम ममता बनर्जी का ही रौद्र रूप था, जिससे चुनाव आयोग अपने आका के इशारे के बाद भी बिहार जैसा सियासी खेल वहां नहीं कर सका है। अब चुनाव आयोग के अनमेप्ड वोटर कहे जाने वाले ये लोग बड़ी संख्या में अपने दस्तावेज़ लेकर फिर से चुनाव आयोग के दर पर दस्तक देने पहुंच रहे हैं।




उधर देश की सियासत को सबसे अधिक बनाने-बिगाड़ने वाले बीजेपी शासित यूपी में 2 करोड़ 89 लाख वोटर के नाम कटने से राजनीतिक क्षेत्रों में भूचाल सा आ गया है। जानकारों का कहना है कि यह सब केंद्र और राज्य के शासकों में चल रही गुटबंदी का परिणाम है। इस बहाने यूपी के अगले चुनाव में सीएम योगी को सत्ता से बाहर करने की रणनीति पर चर्चा चल रही है। विपक्ष नेता अखिलेश यादव ने यह कहकर आग में घी डालने का काम किया है कि हमने अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की कड़ी निगरानी में बीजेपी को खासतौर पर पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों के वोट काटने की साज़िश को रोका है।

### बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू उत्पीड़न सहन नहीं होगा...

पड़ौसी देश बांग्लादेश में जब से चुनावों का ऐलान हुआ है, वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। वहां हालात तेज़ी से खराब हो रहे हैं। वहां दक्षिणपंथी राजनैतिक शक्तियां लगातार शक्तिशाली होती जा रही हैं। पूर्व पीएम शेख़ हसीना जब से सत्ता छोड़कर शरण लेने भारत आई हैं। उनकी पार्टी उनके नेताओं और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान से जुड़े हर मामले में वहां की कार्यवाहक सरकार दुश्मनों की तरह पेश आ रही है। उन्होंने हसीना की पार्टी पर चुनाव लड़ने पर भी रोक लगा दी है। यानी उनको पता है कि अगर रोक नहीं लगाई तो हसीना की पार्टी फिर बहुमत ला सकती है। साथ ही अल्पसंख्यक हिंदू विरोधी भावनायें भड़काकर बहुसंख्यकवाद की घटिया सियासत भी वहां परवान चढ़ाने की कोशिश जारी है। लेकिन वहां के कार्यवाहक सरकारी मुखिया मुहम्मद यूनुस को यह नहीं भूलना चाहिये कि कोई भी देश अपने अल्पसंख्यक नागरिकों को सताकर न तो प्रगति कर सकता है और न ही देश में स्थायी शांति स्थापित कर सकता है। यही बात भारत पर भी लागू होती है।



### दिग्विजय सिंह भी शशि थरूर के रास्ते पर...

ऐसा लगता है कि कांग्रेसी अधिक दिन तक सत्ता से बाहर नहीं रह सकते।



पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने पीएम मोदी की शान में कसीदे पढ़े। इससे पहले यही काम गुलाम नबी आज़ाद करके अपनी अलग पार्टी बना चुके थे। अब लगभग उसी भाषा शैली और अंदाज़ में वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, मोदी, बीजेपी और आरएसएस की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं। यह भी हो सकता है कि 60 साल के एकक्षत्र राज में इन जैसे कुछ कांग्रेसियों ने इतना माल नंबर दो से कमाया है कि उसको बचाने के लिये संघ का थोड़ा सा दबाव पड़ते ही ये लोग दंडवत हो जाते हैं। यही वजह है कि कमलनाथ हों या दिग्विजय सिंह, राहुल गांधी इनसे बहुत खफा रहते हैं, लेकिन सोनिया गांधी के दरबारी होने की वजह से ये कांग्रेस में बने हुए हैं, जबकि सच यह है कि इनकी वजह से कांग्रेस को कोई राजनीतिक लाभ तो दूर, उल्टा नुकसान ही हो रहा है। राजस्थान में वहां के पूर्व कांग्रेसी सीएम अशोक गहलौत ने युवा कांग्रेसी नेता सचिन पायलट को सीएम बनने का मौका न देकर चुनाव में गुटबंदी के चलते कांग्रेस को सत्ता से बाहर कराकर ही दम लिया। यही हाल एमपी में कमलनाथ ने युवा कांग्रेसी नेता ज्योतिराज्य सिंधिया को सत्ता में भागीदारी न देकर कांग्रेस की कब्र खोदकर बीजेपी को सत्ता थाली में रखकर परोस कर किया।

### वामपंथियों की जगह कांग्रेस लेगी अब...

2025 में आरएसएस के साथ ही भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के भी 100 साल पूरे हो गये, लेकिन जिस तरह से संघ ने अपनी स्थापना का शतक पूरा होने पर थोड़ा सा जश्न मनाया, वामपंथियों ने इस तरह के भी किसी समारोह की औपचारिकता नहीं की। हालांकि दोनों के वर्तमान हालात में ज़मीन-आसमान का अंतर है। एक ओर संघ और जिसके राजनीतिक घटक जनसंघ को कभी राजनीति में अछूत माना जाता था, वह आज केंद्र सहित अनेक राज्यों में सत्ता में है।



एक तरह से संघ का स्वर्णिम काल चल रहा है। दूसरी तरफ एक समय 2004 में जिस कम्युनिस्ट पार्टी के संसद में 65 सांसद हुआ करते थे और बंगाल, केरल व त्रिपुरा में अपनी सरकार हुआ करती थी। आज उन वामपंथियों के मात्र 9 सांसद हैं। अब किसी भी राज्य में उनकी अपनी सरकार नहीं है। यहां तक कि यूपी, बिहार सहित कई राज्यों में उनके कई एमपी और दर्जनों विधायक भी नहीं बचे हैं। अगर कहीं किसी सेकुलर गठबंधन के साथ जुड़कर उनके चंद एमएलए चुने भी गये हैं तो उनको उंगलियों पर गिना जा सकता है। इसकी वजह यह है कि हमारे भारतीय समाज में जिस तरह से धर्म और जाति के आधार पर पूंजीवादी शक्तियों ने अपनी सियासी चालें चलीं और चुनाव लड़ना, जीतना और सत्ता में आकर कॉरपोरेट के पक्ष में काम कर उनसे मोटा चंदा लेकर फिर से बार-बार चुनाव जीतना बेहद महंगा कर दिया, उससे वामपंथी सत्ता से दूर होते चले गये। लेकिन संतोष की बात यह है कि जहां भाजपा जैसी दक्षिणपंथी पार्टी मज़बूत हुयी और लगातार तीन बार से चुनाव जीतकर सत्ता में बनी हुयी है। वहां कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी की तरह वामपंथी रास्ता पकड़ लिया है। यह तय है कि आज नहीं तो कल लोग जब भी सत्ता बदलने का मन बनायेंगे वे भाजपा को त्यागकर कांग्रेस के पास ही जायेंगे। आज भी अखिल भारतीय स्तर पर विचारधारा वाली कांग्रेस अकेली पार्टी है, जिसका संगठन समर्थन और थोड़ा बहुत प्रभाव भारत के हर हिस्से में है। एक शायर ने कहा है-

**ये लोग औरों के दुख जीने निकल आये हैं सड़कों पर,**
**अगर सिर्फ अपना ही ग़म होता तो यूं धरने नहीं देते।।**

(नोट- लेखक नवभारत टाइम्स डॉटकाम के ब्लॉगर और पब्लिक

# कोई भी बच्चा बिना स्वेटर और जूते के स्कूल न आये- डीएम



बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में अध्यापकों और अभिभावकों की बैठक करना सुनिश्चित करें और पेरेंट्स को निर्देशित करें कि बच्चों को सर्दी में उचित यूनिफॉर्म में विद्यालय भेजें। उन्होंने निर्देश दिये कि सर्दी में कोई भी बच्चा बिना स्वेटर और जूते के विद्यालय न आए।

उन्होंने निर्देश दिये कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालयों की मॉनिटरिंग के लिए एक टीम, जिसमें ब्लॉक, तहसील के सदस्य के साथ एक टेक्निकल सदस्य भी शामिल हो, का गठन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब की मॉनिटरिंग करें। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को चिन्हित करें और उनको शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सभी सुविधा उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# रामलीला चौराहे पर चोरी की तीन वारदात, लोगों में दहशत व्याप्त

बिजनौर (चिंगारी)। स्थानीय रामलीला चौराहे पर लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये हैं।

चोरों ने तीन रातों में चोरी की तीन घटनाएं कर भय का माहौल बना दिया। शुक्रवार को चोरों ने ज्योतिनगरी कालोनी निवासी सत्यपाल सिंह की चौराहे से दिनदहाड़े बाइक चोरी कर ली थी। शनिवार की रात चोरों ने चौराहे पर रखे बाबूपाल के खोखे के ताले तोड़कर दो हजार की नकदी, तीन पुराने मोबाइल फोन, बीड़ी-सिगरेट व पान मसाला के पैकेट चोरी कर लिए। रविवार की रात चोरों ने सोनू पान भंडार के ताले तोड़कर गल्ले में रखी करीब तीन हजार की नकदी, 50-60 डिब्बी सिगरेट, रजनीगंधा के पैकेट, सोडा व कोल्डड्रिंक की पेटी सहित करीब 10 हजार का सामान चोरी कर लिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार रामलीला चौराहा शहर का मुख्य और व्यस्त इलाका होने के बावजूद यहां स्थायी पुलिस पिकेट की व्यवस्था नहीं है। रात के समय पुलिस की गश्त भी नाममात्र है। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने घटना की जानकारी से अनभिज्ञता जताई है। उन्होंने तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# पुरानी पेंशन बहाली तक जारी रहेगा संघर्ष : चन्द्रहास



बिजनौर (चिंगारी)। इरिगेशन मिनिस्ट्रीयिल कर्मचारी संघ एवं सिंचाई संघ के बैनर तले जिलेदार कार्यालय सिंचाई खंड में सिंचाई संघ जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह की अध्यक्षता एवं इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के संचालन में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए हम सभी संगठित होकर संघर्षरत हैं और पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्षरत रहेंगे। सरकार ने एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण से शिक्षकों एवं कर्मचारियों को ठगने का कार्य किया है। पुरानी पेंशन बुढ़ापे की लाठी है, जिसमें शिक्षक एवं कर्मचारी का भविष्य सुरक्षित है। इस अवसर पर मुजफ्फर इस्लाम, प्रशांत कुमार, राकेश कुमार, मोहित त्यागी, कृष्ण कुमार, जगमोहन सिंह, राजकुमार सिंह, अजय प्रताप, रामबहादुर, महेंद्र सिंह, राकेश कुमार, निशांत कुमार आदि ने विचार व्यक्त किये।

# विस चुनाव से पूर्व बसपा को मजबूत करने का संकल्प

बिजनौर (चिंगारी)। बहुजन समाज पार्टी की बैठक में विस चुनाव से पूर्व भाईचारे और बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। नेताओं व कार्यकर्ताओं से युद्ध स्तर पर जुटने का आह्वान किया। सोमवार को जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रोहताश सिंह की अध्यक्षता व महासचिव संजीव कुमार सैनी के संचालन में आयोजित बैठक में मुरादाबाद मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी नाजिम अहमद अल्वी, विशिष्ट अतिथि मंडल प्रभारी समर सिंह एड. और नंदराम प्रजापति ने बैठक को संबोधित किया। मुख्य अतिथि नाजिम अहमद अल्वी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती ने कहा कि वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की हर हाल में बहुमत की सरकार बनानी है। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी 2026 को बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन मंडल स्तर पर मुरादाबाद मंडल मुख्यालय पर मनाया जाएगा। बैठक में अकील अंसारी, धर्मपाल सिंह, डीपी सिंह, कविराज, नसीमुद्दीन अंसारी, ब्रह्मपाल सिंह, पवन कुमार, नरेश कुमार, वीर सिंह, बलवंत सिंह, नरेंद्र कुमार रवि मौजूद रहे।

# बलवंत सिंह ने अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन



धामपुर (चिंगारी)। बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के जनवरी में होने वाले चुनाव के संबंध में सोमवार को बार काउंसलिंग मेंबर बलवंत सिंह एडवोकेट ने धामपुर के अधिवक्ताओं से संपर्क किया और अपने पक्ष में प्रथम वरियता का वोट देने का आहवान किया।

गौरतलब है कि बार काउंसिल उत्तर प्रदेश प्रयागराज की कार्यकारिणी के 25 सदस्यों का निर्वाचन कराए जाने के लिए इस समय चुनाव प्रक्रिया चल रही है और बिजनौर के अधिवक्ता बलवंत सिंह एडवोकेट भी पुन: प्रत्याशी हैं। वह वर्ष 2000 में बार काउंसलिंग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस समय भी मेंबर हैं। धामपुर में बलवंत सिंह ने तहसील तथा एसडीएम कोर्ट में वकीलों से संपर्क किया। तहसील परिसर में बार एसोसिएशन धामपुर के भूतपूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एडवोकेट के चेंबर में अधिवक्ताओं से विचार-विमर्श किया, जिसमें राजेंद्र सिंह एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष, राजपाल सिंह एडवोकेट, जागेश कुमार एडवोकेट मौजूद रहे। इसके बाद बलवंत सिंह ने एसडीएम कोर्ट धामपुर में भी अधिवक्ताओं से भेंट की। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संगठन धामपुर के संस्थापक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह एडवोकेट, बार एसोसिएशन धामपुर के पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह एडवोकेट, पूर्व सचिव जावेद उमर एडवोकेट, विजेंद्र कुमार एडवोकेट, रोहतास कुमार एडवोकेट, पूर्व सचिव राकेश कुमार एडवोकेट नोटरी, सुरेंद्र सिंह एडवोकेट नोटरी, भूपेंद्र सिंह एडवोकेट नोटरी, नीतिन त्यागी एडवोकेट, अजय कुमार एडवोकेट, वसीम रजा एडवोकेट तथा बार एसोसिएशन धामपुर के कनिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी कुलवीर सिंह एडवोकेट उपस्थित रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी भंग

बिजनौर( चिंगारी )। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बिजनौर की जिला कार्य समिति तत्काल प्रभाव से भंग कर दी गई है। जिला अध्यक्ष डा. भानुप्रकाश वर्मा ने बताया कि 1 जनवरी 2026 को भारत सेवा धाम, धामपुर-नूरपुर रोड स्थित मोरना में पूर्वाह्न 11 बजे एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की 95 जयंती कार्यक्रम के बाद वर्ष 2026 के लिए जिला कार्य समिति का पुनर्गठन अथवा आवश्यकता अनुसार चुनाव कराया जाएगा।

# पथराव करने वालों के फ़ोटो जारी आरोपियों की होगी गिरफ्तारी

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** हरिद्वार बाईपास पर स्थित मंशादेवी रेलवे फाटक पर पथराव करने वालों के फोटोग्राफ पुलिस द्वारा जारी किए गए है तथा लोगों का आह्वान किया गया है कि अगर किसी को इनमें से किसी की पहचान हो, तो वह पुलिस को सूचित करे।



बता दें कि वन विभाग द्वारा अपनी भूमि पर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के विरोध में लोगों की भीड़ ने नेशनल हाईवे पर जाम लगाने के साथ-साथ वन विभाग की टीम व पुलिस पर पथरवाजी कर दी थी। पुलिस ने छह आरोपियों को पकड़ा था, जिनमें से चार को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस मामले में 1058 लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जिनमें 28 लोग नामजद है। बबाल के दौरान सड़क एवं रेल यातायात तथा आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हुई थीं।

एसएसपी अजय सिंह ने कहा है कि फोटो में जो लोग हाथ में पत्थर लिए दिखाई दे रहे हैं, उनकी सूचना कोतवाली में दे। पत्थरबाजी में सीताराम रणकोटी, लालमणि रतूड़ी पर साजिश रचने का आरोप है। इन दोनों के अलावा कई और लोग भी नामजद किए गए है। कोतवाल कैलाशचंद भट्ट ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह बबाल 28 दिसम्बर को श्यामपुर में वन विभाग की भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान हुआ था। सड़क और रेल मार्ग जाम करने के लिए फेसबुक लाइव पर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित की गई थी। जिस पर उग्र भीड़ नारेबाजी करते हुए हिंसा पर उतर आई थी।

# ऋषिकेश में पथराव व लाठीचार्ज की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण : प्रेमचंद



## सीएम से मामले का संज्ञान लेने का आग्रह

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश में हुई पथराव एवं लाठीचार्ज की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर ऋषिकेश मेयर शंभू पासवान, नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, निगम पार्षदगण, क्षेत्र के नागरिकों के साथ एक बैठक की। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि घटना के पहले दिन ही उन्होंने स्वयं डीएफओ वन प्रभाग से दूरभाष पर वार्तालाप कर जानकारी ली थी और सभी पक्षों से संयम, संवेदनशीलता एवं दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया था। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा तथा मामले पर संज्ञान लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश देने का निवेदन किया था। तीसरे दिन उन्होंने डीएफओ वन प्रभाग को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनता के साथ टकराव की स्थिति से बचते हुए समन्वय स्थापित किया जाए। क्षेत्र नगर निगम के अधीन आता है, इसलिए नगर निगम की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जाएगी। इसके लिए नगर निगम सक्षम अधिवक्ता नियुक्त कर अपना पक्ष मजबूती से रखा जाएगा, ताकि कानूनी दायरे में रहते हुए जनता के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर ऋषिकेश मेयर शंभू पासवान, महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कंडवाल, नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दीप शर्मा, ज्योति सजवाण, रविंदर सिंह राणा, पार्षद वीरेंद्र रमोला, अनिल रावत, लव काम्बोज, राजेंद्र बिष्ट, मुस्कान चौधरी, सत्या कपरुवान, अभिनव मालिक, सुरेंद्र नेगी, सचवीर भंडारी, राजेश कोठियाल, दिनेश रावत, संजय ध्यानी, हैप्पी सेमवाल, अरुण बड़ोनी, मनीष मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# मंदिर ठाकुरद्वारा बजरिया में मनाया धर्म दिवस

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर के फल चौक स्थित मंदिर श्री ठाकुरद्वारा बजरिया में धर्म रक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विहिप के जिला अध्यक्ष पंकज वर्मा ने स्वामी श्रद्धानंद एवं स्वामी लक्ष्मण चंद के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि सनातन धर्म के महापुरुषों ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए शुद्धिकरण आंदोलन चलाया एवं घर वापसी करवाने में महत्वपूर्ण योगदान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पंकज वर्मा धामपुर नगर अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू उपाध्यक्ष अमित शर्मा उपाध्यक्ष सौरभ मालपानी सत्संग प्रमुख अंकित चौहान विवेक कुमार, राजीव कुमार, अमरेश कुमार, संजीव कुमार, शौर्य बंसल, आशीष कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे पैदल गश्त करते हुए।

# पुलिस बल के साथ सीओ ने की पैदल गश्त

**धामपुर (चिंगारी)।** घने कोहरे और शीत लहर के बीच जनता में सुरक्षा की भावना बनाए रखने और आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण लगाए रखने के उद्देश्य से बीती शाम पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे ने थाना धामपुर के पुलिसबल के साथ मुख्य मार्गों व अन्य भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त की। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग भी की। इस दौरान उन्होंने संबंधित पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# अधिवक्ता से मारपीट, पुलिस पर शिकायत दर्ज न करने का आरोप

## संघ की चेतावनी-पुलिस के खिलाफ होगा प्रदर्शन

**नैनीताल (चिंगारी)।** जिला न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ता गजेंद्र सिंह मेहरा ने मारपीट मामले में पुलिस पर कोई कार्रवाई न करने का गंभीर आरोप लगाया। अधिवक्ता ने इस संबंध में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव को पत्र सौंपकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पत्र में अधिवक्ता ने बताया कि बीते शुक्रवार की शाम वह न्यायिक कार्य निपटाने के बाद अपने गांव मंगोली स्थित घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचते ही किशन सिंह नामक व्यक्ति ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमले से वह जमीन पर गिर पड़े जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। अधिवक्ता का आरोप है कि हमलावर ने न्यायालय से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज व प्रपत्र फाड़ दिये। उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया व सोने की अंगूठी और चेन छीन ली। साथ ही उन्हें एवं उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना की सूचना तत्काल 112 नंबर पर दी गई। इसके



बावजूद अगले दिन शनिवार को मंगोली चौकी पहुंचने पर वहां पुलिस ने उनकी शिकायत लेने से मना कर दिया। इसके बाद वह नैनीताल कोतवाली पहुंचे, वहां भी शिकायत दर्ज नहीं की गई। अधिवक्ता ने पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी जताते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं मामले को लेकर अधिवक्ता संघ ने रोष जताते हुए कार्यवाही न होने पर मल्लीताल कोतवाली के खिलाफ प्रदर्शन की बात कही है।

# श्री साईं गंगा धाम का वार्षिक उत्सव मनाया साईं नाथ की मूर्ति को मंगल स्नान कराया

**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना मार्ग स्थित श्री सांई गंगा धाम का 18 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ बरेली निवासी आचार्य पंडित अनिल कुमार शास्त्री ने पिछले 17 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत श्री सांई नाथ महाराज जी की मूर्ति को मंत्रोच्चारण के बीच मंगल स्नान कराने संबंधी प्रक्रियाओं को पूर्णता दिलाते हुए किया।



मंगल स्नान के बाद महा अभिषेक कार्यक्रम को पूर्णता दिलाई गई तथा सामूहिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य यजमान विनोद कुमार अग्रवाल एवं उनकी पत्नी नीना अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, अमित माहेश्वरी, मनीषा माहेश्वरी, संजीव अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, अभय गोयल, मीनाक्षी गोयल रहे। सामूहिक हवन पूजन की पूर्णता के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। समाचार भेजे जाने तक धाम परिसर में श्री साईं नाथ महाराज जी की पालकी यात्रा निकाले जाने की तैयारी चल रही थी।

# मई-जून तक पूरा हो जायेगा कालाखेड़ी अंडरपास का निर्माण

## ओवरब्रिज को नहीं मिली मंजूरी प्लेटफार्म की मांग होगी पूरी



नगीना रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करने आए रेलवे महाप्रबंधक को ज्ञापन देते भाजपा व व्यापारी नेता

**नगीना ( चिंगारी )।** कालाखेड़ी मार्ग पर अधूरे पड़े अंडरपास का कार्य मई/जून माह तक पूरा हो जाएगा। नगीना रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने आए रेलवे के महाप्रबंधक ने यह जानकारी देकर स्थानीय लोगों को राहत भरी खबर दी है। हालांकि उन्होंने कोतवाली मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक पर प्रस्तावित ओवरब्रिज के अभी मंजूर नहीं होने की बात कहकर जरुर निराश किया। स्थानीय भाजपा नेताओं की मांग पर जीएम प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाई जाने के निर्देश जरुर दे गए।

सोमवार को अपराह्न करीब सवा बारह बजे रेलवे दिल्ली के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा स्पेशल ट्रेन के द्वारा नगीना रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत नगीना रेलवे स्टेशन पर हो रहे निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण से पहले पूर्व विधायक सतीश गौतम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, शिवशंकर सक्सेना,नगर महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, व्यापारी नेता अब्दुल कय्यूम राईन, डॉ.भूपेश चौहान, अरुण शर्मा आदि ने जीएम से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में नगीना कोतवाली मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक पर पूर्व में हुई घोषणा के अनुरूप ओवरब्रिज बनवाए जाने, कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर अधूरे पड़े अंडरपास के कार्य को सुचारु कराने, प्लेटफार्म दो व तीन की लंबाई बढ़ाई जाने, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज नगीना में कराए जाने, एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की संख्या नगीना में बढ़ाए जाने, फुट ओवर ब्रिज की लंबाई बढ़ाने आदि की मांग की गई।

महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान रेलवे के अधिकारियों को प्लेटफार्म नंबर दो की लंबाई न केवल बढ़ाए जाने के निर्देश दिये, बल्कि प्लेटफार्म के दोनों तरफ कैसे लंबाई बढ़ाई जाए, उसका तरीका भी समझा दिया। उन्होंने फुट ओवर ब्रिज की लंबाई बढ़ाने की मांग के संबंध में उसे आजाद कॉलोनी की तरफ भी बढ़ाए जाने व सुंदरीकरण के कार्य के दौरान स्टेशन परिसर में खड़े कई पुराने पेड़ों को भी जीवित रखने के निर्देश दिये। करीब चालीस मिनट निरीक्षण करने के बाद महाप्रबंधक नजीबाबाद के लिए रवाना हो गए।

## फ़र्ज़ी दस्तावेज के आधार पर होमगार्ड बने दो जवान, हो गये बर्खास्त

**बिजनौर ( चिंगारी )। होमगार्ड विभाग में दो युवकों ने फर्जी शैक्षिक दस्तावेज़ों के आधार पर नौकरी हासिल कर ली। जांच के बाद विभाग ने दोनों को बर्खास्त कर दिया है। तीसरे होमगार्ड के दस्तावेज़ों की जांच की जा रही है।**

थाना नहटौर के गांव नसीरपुर बुज़ुर्ग निवासी अतुल कुमार ने जिला कमांडेंट होमगार्ड बिजनौर से लिखित शिकायत के बाद विभाग ने जांच कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि नरेश कुमार पुत्र हरि सिंह और हुकम सिंह पुत्र बेगराज सिंह ने फर्जी शैक्षिक प्रमाण-पत्र (टी.सी.) के आधार पर होमगार्ड में भर्ती हासिल की है। विभाग द्वारा संबंधित विद्यालयों से सत्यापन कराया गया, जिसमें स्पष्ट हुआ कि जिन विद्यालयों के नाम से टी.सी. प्रस्तुत की गई थी, वहां इन नामों से कोई भी छात्र कभी पंजीकृत नहीं रहा। प्रस्तुत किए गए शैक्षिक प्रमाण-पत्र फर्जी पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर होमगार्ड विभाग ने नरेश कुमार और हुकम सिंह को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया। इसी प्रकरण में तीसरे होमगार्ड मुकेश कुमार पुत्र बेगराज सिंह के दस्तावेज़ों की जांच की जा रही है। जांच में पाया गया कि मुकेश कुमार और उसका बड़ा भाई हुकम सिंह सगे भाई हैं, लेकिन दोनों की जन्मतिथियों में केवल सात माह का अंतर दर्ज है, जबकि इन दोनों के बीच एक अन्य भाई बालेंद्र सिंह भी है। सामान्य परिस्थितियों में सात माह के अंतराल में तीन संतानों का होना असंभव माना जा रहा है, जिससे जन्मतिथि में हेराफेरी की आशंका गहराती जा रही है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## भाकियू कार्यकर्ताओं ने ठा. यशपाल सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन ग्राम सालमाबाद निवासी यशपाल सिंह की 24वीं पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर वक्ताओं ने ठाकुर यशपाल सिंह द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ठाकुर यशपाल सिंह भारतीय किसान यूनियन बिजनौर के सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल में कुशल नेतृत्व से किसानों की लड़ाई लड़ी और हमेशा बाबा टिकैत के सिद्धांतों पर चलते हुए बिजनौर के संगठन को बुलंदियों पर पहुंचाया। पुण्यतिथि कार्यक्रम में यशपाल सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुजफ्फरनगर से आए अशोक घटन प्रदेश उपाध्यक्ष, बाबूराम तोमर प्रदेश महासचिव, ठाकुर रामअवतार सिंह पश्चिम प्रदेश महासचिव, कुलदीप सिंह जिला अध्यक्ष बिजनौर, सुनील प्रधान युवा जिला अध्यक्ष, मनप्रीत संधू तहसील अध्यक्ष सदर, कोमन सिंह जिला सचिव, धर्मेंद्र कुमार ब्लॉक अध्यक्ष सदर, डॉक्टर विजय चौधरी जिला मीडिया प्रभारी, संदीप त्यागी अध्यक्ष नूरपुर, अमरपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष हल्दौर, अरुण कुमार प्रदेश संगठन मंत्री, लक्ष्मी नारायण, सूरज सिंह, परविंदर सिंह, जय सिंह, पवन कुमार प्रमुख, डा. धर्मवीर सिंह, नरपाल सिंह, सकेंद्र प्रताप सिंह वैशालोबाद सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ स्कूल का वार्षिकोत्सव

## आंचल चुनी गई स्टूडेंट ऑफ द ईयर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नारायण पब्लिक स्कूल तथा नारायण इंटर कॉलेज का वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर की ट्रॉफी आंचल को दी गई। अच्छा शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों व विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक प्रतिनिधि सेवा सिंह ढिल्लो ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की।

गांव दयालवाला स्थित नारायण इंटर कॉलेज तथा नारायण पब्लिक इंटर कॉलेज में 10 दिन तक चले वार्षिक उत्सव का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक गणेश ठाकुर ने बताया कि विद्यार्थियों की लंबीकूद, ऊंची कूद, वॉल पेंटिंग, कैरम प्रतियोगिता, वॉलीबॉल, दौड़, मेहंदी, फेस पेंटिंग सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं। कार्यक्रमों का समापन रंगारंग कार्यक्रमों के साथ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक प्रतिनिधि सेवा सिंह ढिल्लो ने कहा कि अच्छे शिक्षण कार्य से ही विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुखबीर सिंह ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज का विकास किया जा सकता है।

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष साधू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वित्तविहीन शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह तोमर, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री प्रशांत सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, ब्लॉक मंत्री धर्मसिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित कुमार, नारायण पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रेनू सिंह, ठाकुर अखिलेश सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान सतपाल सिंह उर्फ गोले आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका चांदनी ने किया।

# वो स्याह दिन.. जब इकड़ा ने विकराल रूप दिखाया था

## हाईवे पर रहा था भारी जलभराव

## कई परिवारों को छतों पर करना पड़ा था बसेरा

शहबाज़ अनवर

**फ्लैश बैक 2025**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** इकड़ा ओवरफ्लो, स्टेट हाईवे पर जल भराव, ढाई से तीन और साढ़े तीन-तीन फीट पानी से गुज़रते वाहन और कई घरों में बाढ़ का पानी।

धामपुर में ये स्थिति बरसात के मौसम में अगस्त के शुरुआती हफ्ते में दिखाई दी। साल बेहतर हो, ऐसी उम्मीदें सभी लिए होते हैं, लेकिन धामपुर में साल 2025 में इकड़ा नाले के ओवरफ्लो को शायद ही लोग भूल पाएं। न भूल पाने की स्थिति इसलिए और बलवती होती है, क्योंकि इस बरसाती नाले का कोई स्थायी समाधान अभी तक नहीं निकल पाया है। तीन दिन की लगातार बारिश ने शहर को ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया था, जिसने तमाम लोगों के कारोबार, उनके रहन-सहन को बड़े स्तर तक प्रभावित किया था।



फाइल फोटो।



फाइल फोटो।

कई अस्पतालों में पानी भर गया था, कई अल्ट्रासाउंड सेंटर तक पानी ने पहुंच बना ली थी, जहां छोटे-मोटे ठेले लगा लोग थोड़ी रोज़ी-रोटी का इंतेज़ाम करते वहां अब कई फीट पानी बह रहा था। सैंकड़ों दुकानें तीन दिन तक बंदी की स्थिति से गुज़रीं।

शहरवासियों की मानें तो ये समस्या नेशनल हाईवे बाईपास निर्माण के बाद से सामने आ रही है। सुहागपुर के आसपास जंगल क्षेत्र का पानी शहर की तरफ रूख़ कर गया, नतीजा ये कि ये पानी इकड़ा नाले में आकर ओवरफ्लो हो रहा है।

### कोशिश है 2025 की ये समस्या 2026 में न हो- चेयरमैन



धामपुर में इकड़ा नाला ओवरफ्लो के चलते साल 2025 में जो जल भराव की समस्या शहर में हुई, उसको लेकर पालिका अध्यक्ष धामपुर रवि चौधरी गंभीर हैं। उन्होंने बताया कि जब से धामपुर में हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाईवे बाईपास का निर्माण हुआ है, तभी से इकड़ा नाले में ओवरफ्लो हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जब हाईवे का निर्माण नहीं हुआ था, तब गांव सुहागपुर के आसपास जंगल क्षेत्र के पानी की निकासी राजपूताना रिजॉर्ट की ओर हो जाया करती थी, लेकिन निर्माण के बाद ये सारा पानी इकट्ठा होकर इकड़ा नाले की तरफ आ रहा है जिससे ओवरफ्लो हो रहा है। इसको लेकर नगीना लोकसभा क्षेत्र सांसद चंद्रशेखर आज़ाद से भी बात की है। मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष भी समस्या पहुंचाई जाएगी।

### क्या कहते हैं सांसद प्रतिनिधि?



सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन कहते हैं कि इकड़ा नाले पर जगह-जगह अवैध क़ब्ज़ा हुआ है, साफ-सफाई की भी कई बार कमी रही है। हालांकि उन्होंने इस बात को माना कि हाईवे बाईपास निर्माण के बाद ये समस्या अधिक बढ़ी है। उन्होंने शीघ्र ही इस तरफ बेहतरी की बात कही।

## अवध शुगर मिल में ग़रीबों को कम्बलों का वितरण



**स्योहारा ( चिंगारी )।** सोमवार को अवध शुगर मिल स्योहारा के बैडमिंटन हॉल में आयोजित सीआरएस के अंतर्गत लिहाफ वितरण कार्यक्रम में एसडीएम स्मृति मिश्रा, अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह ने संयुक्त रुप से 125 गरीब, असहाय लोगों को कंबल वितरित किये। इस मौके पर एसडीएम स्मृति मिश्रा ने कहा कि गरीब सहाय लोगों की हमेशा मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल, लिहाफ अन्य उपकरण का वितरण करते रहना चाहिए। अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह ने कहा कि नि:शुल्क कंबल वितरण का कार्यक्रम सीआरएस के अंतर्गत अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड यूनिट स्योहारा हर वर्ष कंबल वितरण का कार्यक्रम करती है और संस्था के संचालकों का यही उद्देश्य है कि गरीब लोगों की मदद हो सके। इस मौके पर अधिशासी उपाध्यक्ष सुशील कुमार, प्रमोद कुमार, विवेककांत शर्मा, मुकेश मिश्रा, प्रमोद कुमार, दिनेश कुमार, जेके सिंह, विवेक श्रीवास्तव, एडवोकेट राजेश शर्मा, अतुल शर्मा आदि रहे।

## फुलसंदा में निकली भव्य कलश शोभायात्रा

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम फुलसंदा गंगादास में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के आयोजन के अवसर पर भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसके उपरांत कथा का शुभारंभ। सोमवार को फुलसंदा में श्री शिव मंदिर से प्रारम्भ हुई कलश शोभायात्रा में 51 महिला श्रदालुओं ने प्रतिभाग किया। शोभायात्रा ग्राम फुलसंदा गंगादास, फुलसंदा हीरा के काली मंदिर, फुलसंदा आश्रम, फुलसंदा खाकम शिव मंदिर, फुलसंदा नया गांव देवस्थल आदि धार्मिक स्थलों से होकर कथा पंडाल पर सम्पन्न हुई। श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान पवन कुमार सपत्नीक (एसीपी दिल्ली पुलिस) रहे। कथा व्यास देवकीनंदन आचार्य कौस्तुब आनंद जोशी महाराज के दिशा निर्देशन में कलश स्थापना कराई गई। शोभायात्रा में तोताराम, उमा देवी, छत्रपाल, योगेंद्रपाल, विमल कुमार, कमल कुमार, कुलवीर सिंह, रीना सिंह, ओमपाल सिंह, आदित्य सिंह, सुनील कुमार, शुभम कुमार, दीपक कुमार आदि रहे।



# यूपी बना देश में सर्वाधिक देसी पर्यटकों के आगमन वाला राज्य

## महाकुंभ के भव्य आयोजन में आये 66 करोड़ से अधिक पर्यटक

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने वर्ष 2025 में अभूतपूर्व सफलताएं हासिल की हैं। मुख्यमंत्री के विजन के मुताबिक धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों के नवीनीकरण और पर्यटन सुविधाओं के विकास से घरेलू पर्यटन मामले में यूपी ने देश में प्रथम तथा विदेशी पर्यटन में चौथा स्थान प्राप्त किया है। केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में प्रदेश में 137 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों का आगमन हुआ, जबकि 3.66 लाख विदेशी पर्यटकों ने प्रदेश की यात्रा की। उप्र में पर्यटकों के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 रहा, जहां योगी सरकार के दावों के मुताबिक रिकॉर्ड 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। इसके अलावा अयोध्या, वाराणसी, मथुरा-वृंदावन और श्रावस्ती जैसे स्थल अब देश के प्रमुख पर्यटन केंद्र बन चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी के विजन के मुताबिक प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक टूरिज्म की नई संभावनाओं का विकास हुआ है। साथ पर्यटन एवं कला, संस्कृति विभाग ने समय-समय पर आयोजित होने वाले



दीपोत्सव, रंगोत्सव, देवदीपावली और माघ मेला जैसे आयोजन देश, विदेश के पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण बने हैं। पर्यटन विभाग यूपी में कर रहा है 1283.33 करोड़ की परियोजनाओं का संचालन उत्तर प्रदेश, भारतीय संस्कृति और इतिहास का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। वर्ष 2017 से पूर्व की सरकारों में उपेक्षित पड़े पर्यटन स्थलों को योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में न केवल पुनर्जीवित किया गया, बल्कि परिवहन, हॉस्पिटैलिटी और कनेक्टिविटी को मजबूत बना। एयरपोर्ट, ट्रेन-बस सेवाओं तथा होटल-होम स्टे की सुविधाओं से विदेशी पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। पर्यटन विभाग ने इस वर्ष प्रदेश में पर्यटन के विकास के लिए 1283.33 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू कीं। उनमें वाराणसी के घाटों का सौंदर्यीकरण, एकीकृत सर्किट हाउस और कन्वेंशन सेंटर का निर्माण, चित्रकूट में कालिंजर एकीकृत मार्ग तथा राम वन गमन मार्ग पर पर्यटक सुविधा केंद्रों का विकास प्रमुख हैं। मुरादाबाद के भगवानपुर मंदिर, शाहजहांपुर के अजीताश्रम योगकुंज (जन्मस्थली), वाल्मीकिनगर में लवकुश कुटी, त्रेतायुग भूमि कुटी, भरतकोठी, सीता रसोई और कौसल्या स्थल का जीर्णोद्धार तेजी से हो रहा है। इसी क्रम में जिला पर्यटन इकाइयों के माध्यम से 7 करोड़ रुपये की लागत से पांच नई परियोजनाएं प्रारंभ हुईं। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहयोगिता योजना के तहत इस वर्ष 2 परियोजनाओं को अनुमोदन मिला, जबकि 4 अन्य को जल्द ही स्वीकृति मिलने वाली है।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने अन्य विभागों के साथ मिलकर समय-समय पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया, जिसने प्रदेश में पर्यटन को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। इस क्रम में इस वर्ष का सबसे बड़ा आयोजन प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 का आयोजन रहा। महाकुम्भ के दिव्य-भव्य आयोजन में देश-विदेश से रिकार्ड संख्या में पर्यटक प्रयागराज आये। इसी क्रम में आयोध्या के भव्य दीपोत्सव के आयोजन में दीयों के प्रज्वलन का अपना ही पुरान गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा, वहीं वाराणसी की रामलीला में विश्व का सबसे बड़ा राम तख्त भी गिनीज बुक में दर्ज हुआ।

# कोडीनयुक्त कफ सिरप की पैरेलल सप्लाई चेन ध्वस्त



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** योगी सरकार ने पिछले पौने नौ वर्षों में अवैध नशे के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) को कोडिनयुक्त कफ सिरप एवं एनडीपीएस श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण तथा अवैध डायवर्जन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिये। इस पर तीन माह पहले अभियान शुरू किया। उत्तर प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि विभाग ने कोडिनयुक्त कफ सिरप के अवैध डायवर्जन को लेकर देश का सबसे बड़ा क्रैक डाउन शुरू करने से पहले अंदरुनी गहन जांच शुरू की। इस दौरान झारखंड, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड जैसे राज्यों में विवेचना की गई और यूपी के सुपर स्टॉकिस्ट और होलसेलर के साथ उनके कारोबारी रिश्तों के सबूत जुटाए। इसके बाद प्रदेश में क्रैक डाउन शुरू हुआ, जिसने सिरप के अवैध डायवर्जन की परतें उधेड़ दीं। एसएसडीए की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस और एसटीएफ ने नशे के सौदागरों को दबोचने के लिए एक्शन शुरू किया। सीएम के निर्देश पर सिरप का नशे के रूप में इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ एनडीपीएस और बीएनएस के तहत मुकदमे दर्ज किये गये। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा चलाने को सही ठहराते हुए 22 मामलों में आरोपियों की रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया।

# डॉ. इंद्रपाल सिंह बने प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष



**खासपुरा (चिंगरी)।** नूरपुर निवासी डॉक्टर इंद्रपाल सिंह प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज अस्करीपुर को प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व प्रदान किया गया। इस पर शिक्षकों और ग्रामीणों ने खुशी जताई। अयोध्या के महऋषि महेश योगी विश्वविद्यालय में 26 व 27 दिसंबर को उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद का प्रांतीय सम्मेलन हुआ था। प्रांतीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा रहे। डॉक्टर इंद्रपाल सिंह प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज अस्करीपुर को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर जनपद के प्रधानाचार्यों में खुशी की लहर है। इस प्रांतीय सम्मेलन में जनपद से प्रधानाचार्य परिषद के सम्मानित प्रतिनिधियों में जिला महामंत्री प्रशांत कुमार प्रधानाचार्य हृदयानंद इंटर कालेज झालू, उपाध्यक्ष डॉक्टर होरी सिंह प्रधानाचार्य चौधरी बलदेव सिंह इंटर कालेज, जिला सयुक्त मंत्री सुनित प्रकाश त्यागी प्रधानाचार्य खालसा इंटर कॉलेज नूरपुर, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजीव कुमार प्रधानाचार्य पी. जे. एम. इंटर कालेज शेरकोट आदि ने प्रतिभाग किया।





# रमनदीप के परिवार से मिले सीपी सिंह

## चार युवकों ने किया था प्राणघातक हमला



पीड़ित परिवार से वार्ता करते सीपी सिंह।

**नूरपुर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सीपी सिंह सोमवार को पीड़ित परिवार से मिलने नूरपुर पहुंचे। उन्होंने घायल रमनदीप सिंह के परिजनों से मिलकर घटना के सम्बंध में जानकारी करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही का भरोसा दिलाया। बता दें कि गत 23 दिसम्बर को मुन्ना सहित चार युवकों ने रमनदीप सिंह पर प्राणघातक हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। घायल युवक रमनदीप सिंह का दिल्ली के एम्स अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने घटना के सम्बंध में उचित कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी मुन्ना सहित तीन आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस फरार आरोपी अमन की तलाश में जुटी है। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह, जीवन सिंह आदि उपस्थित रहे।

उधर राष्ट्रीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह विर्क ने भी पीड़ित रमनदीप के परिवार से मिलकर ढांढस बंधाते हुए कहा कि उनका संगठन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है, यदि पीड़ित परिवार को उनकी कहीं भी आवश्यकता पड़ेगी तो हर समय उनके साथ चलने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सुरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भगवान की माया का सूक्ष्म स्वरूप जान पाना बहुत कठिन : प्रवीण शास्त्री

**बिजनौर (चिंगारी)।** मोहल्ला ब्रह्मनान में हरीश भाटिया के निवास स्थान पर एक दिन की श्रीराम कथा में सुंदरकाण्ड की कथा सुनाते समय कथा व्यास प्रवीण शास्त्री ने कहा कि भगवान की माया का सूक्ष्म स्वरूप जान पाना बहुत कठिन है। कलयुग में मनुष्य के लिये राम नाम लेना ही भक्ति का विशेष आधार हो सकता है।

प्रवीण शास्त्री ने आगे बताया कि जब तीन दिन तक विनय करने पर भी समुद्र ने श्रीराम जी की विनती नहीं सुनी, तब राम ने उसे सुखाने के लिये अग्निबाण अपने धनुष पर चढ़ाया। समुद्र भयभीत होकर थाल में स्वर्ण मुद्राए लेकर उनके सामने आया। समुद्र ने कहा- हे भगवान यदि में आपके कहने पर सूख जाता तो आपकी मर्यादा मिट सकती थी। जल तत्व की कमी हो जाती, आपकी मर्यादा में रहकर पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, सृष्टि की रचना करते हैं। आपकी मर्यादा का ही मैंने पालन किया है। आप नल-नील की सहायता से पुल बांधेंगे तो तीनों लोकों में यश फैलेगा। कथा में अनीता भाटिया, चिराग भाटिया, महेश भाटिया, ममता भाटिया आदि ने सहयोग दिया।

# सरकारी भूमि पर कब्जे का आरोप, कार्रवाई की मांग

**नांगल सोती (चिंगारी)।** गौसपुर के ग्रामीणों ने शिव मंदिर के समीप स्थित सरकारी भूमि पर कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की है। ग्रामीणों ने एसडीएम को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि उनके गांव में शिव मंदिर के पास सरकारी जमीन पड़ी हुई है। वहां से होकर मंदिर का दूसरा रास्ता भी जाता है। उक्त सरकारी जमीन पर गांव के कुछ व्यक्ति अवैध कब्जा करते हुए निर्माण कार्य कर रहे हैं। ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों ने उन्हें अवैध निर्माण करने से मना किया, तो उन्होंने उन लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया। प्रार्थना-पत्र पर ग्राम प्रधान अनीता देवी, डा. वीरेन्द्र सिंह, निहाल सिंह, आशाराम, जयपाल सिंह, रणजीत कुमार, अवनीश शर्मा, खूब सिंह, चन्द्रशेखर, प्रिंस कुमार, विकास कुमार, ऋषिपाल सिंह, अमर सिंह, राजपाल सिंह, फूल सिंह सहित काफी ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।



तैय्यबपुर गौरवा में बस्ती के मध्य स्थित शिव मंदिर

# शेरकोट में दो सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित तीन घायल

**शेरकोट (चिंगारी)।** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायलों का निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। सोमवार की दोपहर अफजलगढ़ निवासी राजेश सिंह अपनी पत्नी कामिनी देवी के साथ बाइक पर सवार होकर शेरकोट की ओर से अपने घर लौट रहे थे। हाईवे पर सिंगाई की पुलिया के निकट पहुंचने पर पीछे से तेज़ गति में आयी कार के पास से निकलने पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे बाइक सवार कामिनी सड़क पर गिरकर घायल हो गई। मौके पर आये राहगीरों ने कामिनी को उपचार हेतु पास के एक अस्पताल में भेज दिया, वहीं दूसरी घटना शेरकोट मंधोरा मार्ग पर दो बाइकों के टकराने से हुई, जिसमें स्योहारा निवासी राजीव कुमार कल शाम अपने पिता करन सिंह के साथ ग्राम कोपा से घर लौट रहे थे। नंदगांव के पास पहुंचने पर गन्ने से भरी गाड़ी को ओवर टेक करने के प्रयास में दूसरी बाइक ने उनको टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार करन सिंह और दूसरी बाइक सवार धामपुर निवासी ललित कुमार घायल हो गए। दोनों घायलों का प्राइवेट अस्पताल में उपचार कराया गया, जहां से उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

# गांवों में काटी जा रही अवैध कालोनियों पर चलेगा बुलडोजर

## जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में लिया गया निर्णय




**बिजनौर (चिंगारी)।** गांवों में काटी जा रही अवैध कालोनियों पर अब बुलडोजर चलेगा। जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना को पास किया गया। कई अन्य प्रस्ताव भी पारित किये गये। सोमवार को विकास भवन के सभागार में आयोजित सामान्य बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह ने की। संचालन अपर मुख्य अधिकारी विकास मिश्रा ने किया। बैठक में वाटर हार्वेस्टिंग, गुलदार, बंदरों के आतंक पर भी चर्चा हुई। बैठक में अधिकारियों की गैर मौजूदगी का मुद्दा भी उठा। इस पर जिला पंचायत अध्या ने नाराजगी जाहिर की। जिले में हरे-भरे पेड़ों के कटान का मुद्दा भी उठाया गया। सदस्यों ने कहा कि आम किसान को एक पेड़ काटने की अनुमति नहीं मिलती, जबकि कालोनी काटने वालों को रातोंरात पूरा बाग काटने की परमिशन दे दी जाती है। बैठक में नूरपुर विधायक रामअवतार सैनी, ब्लॉक प्रमुख हल्दौर विजेन्द्र सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी, जिला पंचायत के सदस्य एवं अन्य संबंधित व्यक्ति शामिल रहे।

# गुलदार ने ली नीलगाय के बच्चे की जान घबरा कर खेतों से लौटे किसान



**शेरकोट (चिंगारी)।** सोमवार की दोपहर गुलदार ने गन्ने के खेत में एक नीलगाय के बच्चे को निवाला बना डाला। घटना के बाद गुलदार के काफी देर तक गुर्राने से भयभीत हुए आसपास खेतों में काम कर रहे लोग काम छोड़कर अपने घरों को लौट आये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नयागांव के निकट स्थित लोके के जंगल में नयागांव निवासी सुरेंद्र सिंह, वसीम अहमद, गजेंद्र सिंह, डब्लू सिंह आदि काफी लोग कल दोपहर अपने खेतों में काम कर रहे थे। इस बीच गन्ने के खेत में गुलदार के गुर्राने की आवाज सुनाई दी, जिससे खेतों में काम कर रहे लोग भयभीत हो गए। गुलदार के लगातार गुर्राने की आवाज सुनाई देने पर आसपास खेतों में काम कर रहे सब लोग जमा हो गए और उन्होंने मिलकर शोर मचाना शुरू कर दिया। इस दौरान हिम्मत कर जमा हुए लोग झुंड बनाकर गन्ने के खेत में पहुंचे तो वहां उन्हें नीलगाय के मृत पड़े बच्चे को नोचता गुलदार दिखाई दिया, जो भीड़ देखकर भाग गया। लोगों वहां से हटते ही कुछ ही देर बाद गुलदार फिर अपने शिकार के पास लौट आया और तेज तेज गुर्राना शुरू कर दिया। गुलदार का आक्रामक रवैये और गुर्राने को देखकर भयभीत हुए किसानों में दहशत पैदा हो गई और लोग अपने काम बीच में ही छोड़कर घरों को लौट आये। किसान सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि आज सुबह उनकी पत्नी हेमलता खेत में काम कर रही थी कि इस बीच एक गुलदार दौड़ता हुआ पास से निकलकर गन्ने के खेत में आकर घुस गया, जिससे वह घबरा गई और शोर मचाते हुए दौड़ पड़ी। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि गुलदार का आतंक बढ़ने से खेतों पर काम करने वालों में दहशत का माहौल बनता जा रहा है, जिससे गन्ने की छिलाई का काम प्रभावित हो रहा है। किसानों ने अधिकारियों से पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

# खनन सामग्री से भरे ओवरलोड डम्पर से कुचलकर युवक की मौत

## घटना से गुस्साए लोगों ने घंटों जाम लगाया


नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के ग्राम बीरूवाला में संचालित पट्टे से ओवरलोड खनन सामग्री भरकर ले जा रहे डम्पर से कुचलकर ट्रैक्टर ट्राली चालक युवक की मौके पर मौत हो गई। मंगलवार को सुबह करीब पांच बजे किसान सहकारी चीनी मिल से ट्रैक्टर ट्राली में मैली भरकर ले जा रहे युवक को ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी गांव के सामने खनन सामग्री से भरे डम्पर ने टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली चालक नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम शादीपुर निवासी राजवीर (40वर्ष) पुत्र रामनरेश की कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद खनन सामग्री से भरा डम्पर नम्बर यूके 15सीएस-0404 चालक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना से गुस्साए लोगों ने कई घंटे तक मौके पर जाम लगाया। सूचना मिलते ही एसडीएम शैलेंद्र सिंह, सीओ नितेश प्रताप सिंह व थाना प्रभारी राहुल कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाकर



मौके पर जमा लोगों की भीड़ व खनन सामग्री का डम्पर।

शव को कब्जे में लेकर सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने डम्पर को सीज कर दिया। मृतक अपने पीछे तीन बच्चों व पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने एसडीएम व सीओ से रात्रि में खनन पर रोक होने के बावजूद क्षेत्र में अवैध रूप से खनन होने व ओवरलोड डम्परों के सड़क पर दौड़ने पर रोष जताया। साथ ही इन पर कार्रवाई की मांग की।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव भागूवाला के निकट वालिया तिराहे के पास कार व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सोमवार की शाम भागूवाला में वालिया तिराहा के पास एक कार व बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगने से बाइक सवार आरिफ (26 वर्ष) पुत्र शफीक निवासी ग्राम नारायणपुर रतन थाना मंडावली गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की मौतडुद्दा भेज दिया गया था। वाहन को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही की गई है।

## लोगों ने भाकियू भानु की सदस्यता ग्रहण की



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन भानू की क्षेत्र के ग्राम हाजी मोहम्मदपुर उर्फ कोटकादर में प्रधान पद प्रत्याशी मुकिद अहमद व उनके छोटे भाई मोहिद अहमद की बैठक पर एक मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग का उद्देश्य संगठन को मजबूत करने व किसान-मजदूर एवं अन्य वर्ग की सहायता करने के साथ किसी भी अधिकारी के द्वारा उनका शोषण ना होने देना आदि विषय था। जिसकी अध्यक्षता भाकियू भानू के युवा जिला अध्यक्ष अचल शर्मा एवं संचालन घसीटा पाल ने किया।। सभी ग्रामवासियों ने मिलकर युवा जिला अध्यक्ष अचल शर्मा एवं उनके साथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर काफी लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। जिसमें मोहिद अहमद को युवा जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद सुल्तान-युवा जिला सचिव तथा मोहम्मद तालिब, हबीब सलमानी, मोहम्मद कदीम, तौसीफ उर्फ मेहशर, मोहम्मद सद्दाम, नूर सलमानी आदि सदस्य बनाए गए। मीटिंग में मास्टर आबिद, खुर्शीद सैफी, बलवीर वर्मा, संदीप वर्मा, विवेक राजपूत, रूद्रेश चौहान, पुष्पेन्द्र कुमार, कपिल गौड, मीना सिंह, अरशद, नीरज कुमार, खालिद हुसैन, हाजी इकराम गुड्डु, शमीम, मोहम्मद अजमल, मोहम्मद चांद, नरेश लाला, लेखा, चंद्रशेखर, सोनू कुमार, नाजिम सैफी, आसिफ मलिक आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली के लिए सुबह ट्रेन चलाने को महाप्रबंधक को ज्ञापन दिया



नजीबाबाद (चिंगारी)। कोटद्वार से नई दिल्ली के लिए प्रात काल में ट्रेन चलाए जाने व जम्मूतवी जाने वाली ट्रेनों के स्टॉपेज कराये जाने के संबंध में महाप्रबंधक उत्तर रेलवे को अवगत कराया गया है। रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने आए महाप्रबंधक उत्तर रेलवे अशोक कुमार वर्मा को दिये एक ज्ञापन में आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने कहा कि कोटद्वार से दिल्ली के लिए प्रात:काल चला दी जाए तो रेलवे को लाखो रुपए प्रति माह की आय होगी तथा कोटद्वार सहित जनपद बिजनौर के लोगों को तथा व्यापारियों को काफी फायदा मिलेगा। इस संबंध में पूर्व में उत्तराखंड सरकार भी अपनी संस्तुति रेल मंत्रालय को कर चुकी है। इसके अलावा आरटीआई कार्यकर्ता ने जम्मूतवी जाने वाली नॉन स्टॉप ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग उत्तराखंड के प्रवेश द्वार पर स्थित नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर कराये जाने की मांग की ताकि आमजन व सेना के जवानों को ट्रेनों के स्टॉपेज का फायदा मिल सके।

## किसान अपनी मांगों को लेकर, बैठे अनिश्चितकालीन धरना देकर

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर वन प्रभाग नजीबाबाद के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। किसानों ने राजस्व रिकार्ड में दर्ज किसानों के खेतों में खड़ी फसल पर जेसीबी चलाकर नष्ट करने की जांच कराकर कार्रवाई करने, फसलों का मुआवजा दिलाने, किसानों पर दर्ज मुकदमें वापस लेने, राजस्व रिकार्ड के मुताबिक किसानों को कृषि भूमि दिलाने, गुलदार से किसान मजदूरों की रक्षा कराने आदि की मांगें की गई। ब्लॉकाध्यक्ष अवनीश कुमार की अध्यक्षता एवं जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान के संचालन में धरने पर ब्लॉक संरक्षक करन सिंह, रामेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, अमित, सरदार संदीप, अजय सिंह, विरेश राणा, सूरज सिंह, शिवकुमार, महेंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, ज्ञान सिंह, प्रमोद कुमार, राहुल, ओमवीर सिंह, बलराम सिंह, शीशराम, विजय, सुनील, बिजेंद्र, देवेंद्र, हेमेंद्र सिंह, प्रकाशी, युसूफ, साबिर, अय्यूब, कुंवरपाल, गंगाराम, जितेंद्र, नरदेव सिंह, बंटी, सोनू, रजत, फहीम, साजिद, विजय सिंह, रोहित आदि मौजूद रहे।



वन विभाग के कार्यालय पर धरने पर बैठे किसान।

# अटल जी ने किये ऐसे काम रोशन हुआ देश का नाम

## अटल स्मृति सम्मेलन में बोले अशोक कटारिया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। यहां बिजनौर रोड स्थित मंडप में पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी की अध्यक्षता एवं चौ. सुधीन्द्र सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने बताया कि अटल जी की सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड लाकर किसानों का आर्थिक जीवन सुगम किया। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से ग्रामीण क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया, पोखरन परमाणु परीक्षण कर देश को मजबूत बनाने के साथ ही सेना का सम्मान बढ़ाया। अटल जी ने राजनीति में ईमानदारी का आदर्श स्थापित किया। अटल जी ने अपनी देशभक्ति की कविताओं से देश के युवाओं में राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने का कार्य किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती रचना पाल ने भी अटल जी की सरकार द्वारा जनहित में किये गये कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में श्रीमती सुमन त्यागी, अशोक कुमार नेताजी, मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, मीनू राजपूत, मोहित अग्रवाल, नवनीत राणा, महिपाल सिंह, अवनीश त्यागी, हरपाल नेता जी, गन्ना चेयरमैन राहुल कुमार, चमनप्रकाश, ओमपाल सिंह, पुष्कर सिंह आदि मौजूद रहे।

# आसपा से नाता जोड़ा



आसपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले ग्रामीण

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम सराय आलम में कई व्यक्तियों ने आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की सदस्यता ग्रहण की। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अशोक कुमार की मौजूदगी में मौ. यासीन कस्सार, इरफान मंसूरी, नईम अहमद, तसलीम अहमद, जमशेद मलिक, पूर्व ग्राम प्रधान महेशचन्द, उमेश कुमार आदि ने आजाद समाज पार्टी का दामन थामा। इन लोगों ने कहा कि उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा सांसद चन्द्रशेखर आजाद की नीतियों और अपने लोगों के दुख-सुख में सम्मिलित होने के व्यवहार से प्रभावित होकर आजाद समाज पार्टी से नाता जोड़ा है।

## उत्तराखण्ड के पूर्व सीएम कल आयेंगे नहटौर

**नहटौर ( चिंगारी )।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिकोत्सव पर कल बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीर्थ सिंह रावत रहेंगे। अध्यक्षता रामअवतार जिंदल (राष्ट्रीय अध्यक्ष आईएसएफआई) करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रिंसिपल इदरीस अहमद ने बताया मुख्य अतिथि ऑक्सफोर्ड किंडर गार्टन के फन ज़ोन का उद्घाटन भी करेंगे।

## लोकप्रिय इण्टर कॉलेज केलनपुर के 3 छात्रों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में चयन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** लोकप्रिय इण्टर कॉलेज, केलनपुर के तीन होनहार छात्रों का चयन विभिन्न राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर ने बताया कि छात्र अर्पित कुमार एवं छात्रा हर्षि यादव का चयन 69वीं



राष्ट्रीय विद्यालयी शूटिंग अंडर-19 छात्र/छात्रा प्रतियोगिता हेतु हुआ है, जो भोपाल (मध्य प्रदेश) में 05 जनवरी 2026 से 09 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। वहीं छात्र प्रीत तोमर का चयन 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी वॉलीबॉल अंडर-14 छात्र प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो सिरमौर, हिमाचल प्रदेश में इसी अवधि में आयोजित की जाएगी। प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने तीनों विद्यार्थियों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आर्मी में चयन होने पर सम्मानित किया



**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय सैनिक सेवा में चयनित होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अन्य छात्रों से भी प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। सोमवार को फौजी क्लासेस नहटौर पर आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में भारतीय सेवा में टेक्निकल ट्रेड में चयनित होने पर आशीष शर्मा व विवेक कुमार और क्लर्क में अर्पित कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्र के डायरेक्टर रोहन सूर्यवंशी ने अन्य छात्रों को भी मेहनत के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गौतम कुमार, सचिन कुमार, नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# पत्नी को फोन पर तीन तलाक़ दिया पुलिस ने मुक़दमा दर्ज किया

**मंडावर ( चिंगारी )।** एक विवाहिता को उसके पति द्वारा फोन पर तीन तलाक़ दिए जाने व ससुराल वालों के उत्पीड़न के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने पति और उसके परिजनों पर मुकदमा दर्ज किया है। मंडावर के मोहल्ला क़स्साबान निवासी रुकैया पत्नी मुरसलीन पुत्री इसरार उर्फ नन्नू द्वारा स्थानीय थाने में दी तहरीर में बताया कि मेरी सास नसीमा, चचेरे ससुर वसीम उर्फ गणेश, देवर फरमान, अनस, शाहिद ननद आसिफा उसे तंग-परेशान करते हैं। ससुराल वाले उसे कई-कई दिन तक खाने को भी नहीं देते और उसका शारीरिक मानसिक शोषण उत्पीड़न करते हैं। मायके की इज्जत की खातिर सब बर्दाश्त करती रही। थाने में 25 दिसंबर को दी तहरीर में बताया कि देवर आयाम, फरमान व अनस जबरदस्ती उसके कमरे में घुस आए और तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया, जिससे पीड़िता काफी डरी-सहमी हुई है। इतना ही नहीं उसके पति मुरसलीन ने फोन पर उसे तीन तलाक दे दिया और कहा कि तेरे मां-बाप से जो बिगड़ सके बिगाड़ लेना। पुलिस ने पीड़ित विवाहिता की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष मंडावर सुमित राठी ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# अवैध खनन बंद करो वरना शिवसेना देगी धरना

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना कार्यकर्ताओं की बैठक में जनपद बिजनौर में अवैध रूप से हो रहे खनन पर रोष जताते हुए तहसील चांदपुर में धरना



प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई। ग्राम बागड़पुर स्थित शिवसेना के क्षेत्रीय कार्यालय पर डा. पुलकित की अध्यक्षता व कृष्णा वीर के संचालन में आयोजित बैठक में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा पूरे जिले में अवैध खनन माफिया का बोलबाला है। दिन छिपते ही अवैध खनन शुरू हो जाता है। पोप लाइन जेबीसी लोडर से अवैध खनन चालू हो जाता है। अधिकारियों की मिलीभगत से रात के अंधेरे में खनन माफिया खनन करने में लगे हुए हैं। खनन में लगे वाहनों से टकराने से हर महीने लोगों की मौत हो रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अवैध रूप से होने वाले खनन को नहीं रोका गया तो शिवसेना कार्यकर्ता तहसील में धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। बैठक में आंतरिक कौशिक, कमल प्रजापति, मो. नाजिम, अशोक, सचिन कुमार, धर्मेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

# वाजपेयी जी थे सच्चे देशभक्त - गोपाल अंजान

## अटल सुशासन स्मृति सम्मेलन

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र के गांव अस्करीपुर स्थित आभा फार्म हाउस में अटल सुशासन स्मृति सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी गोपाल अंजान व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी उपस्थित रहे। एमएलसी गोपाल अंजान ने पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक सच्चे राष्ट्र भक्त व भारत माता के महान सपूत थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर पार्टी को मजबूत किया। भारतीय जनता पार्टी व राष्ट्र के प्रति अटल जी का योगदान अतुल्य है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामन्त्री नरेश भाटी ने किया। सम्मेलन में ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सी.पी.सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, गोहावर मंडल अध्यक्ष विनय चौहान, मोरना मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी, सहसपुर मंडल अध्यक्ष खजान पाल, मंडल महामन्त्री वीरप्रकाश सिंह भुइयार, सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष प्रमोहन चौहान, प्रदीप कुमार राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोहावर सुनील सैनी, प्रांतीय सदस्य धर्मेन्द्र जोशी, ठकरी सिंह, विनोद चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोरना राजीव त्यागी एवं शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व विधानसभा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते भूपेन्द्र चौहान बॉबी

# ..जब नचना ने अपना रौद्र रूप दिखाया

नितिन दिनेश कौशिक

फ्लैश बैक 2025

**अफजलगढ़( चिंगारी )।** यह कोई पुराने दिनों की बात नहीं, बल्कि सन् 2025 के अगस्त महीने की वह पीड़ा है, जिसने अफजलगढ़ के हर घर, हर दिल और हर गली को भीतर तक झकझोर दिया था। यह कोई बीते युग की कथा नहीं, बल्कि हाल की वह हृदय विदारक सच्चाई है, जिसे नगरवासियों ने खुली आंखों से देखा और असहाय होकर झेला। नगर के बीचों-बीच बहने वाली नचना नदी वर्ष 2025 में एक बार फिर नगरवासियों के लिए भय, दर्द और चिंता का पर्याय बन गई। जब आसमान से मूसलाधार बारिश हुई, तब नचना नदी का जलस्तर चेतावनी की सीमा पार कर गया। कुछ ही घंटों में नदी उफान पर आ गई और उसका पानी मोहल्लों, बाजारों और गलियों में इस तरह फैल गया, मानो वह पूरे नगर को अपनी गिरफ्त में लेना चाहता हो। डूडा कॉलोनी, मुमताज हुसैन, चिरंजीलाल, बेगम सराय, किला, गौहर अली खान, बस स्टैंड जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में घरों और दुकानों के भीतर तीन से चार फीट तक पानी भर गया। वर्षों की मेहनत, सपनों और उम्मीदों से सजी गृहस्थी कुछ ही पलों में पानी में डूब गई। सन् 2025 के अगस्त महीने में आई यह आपदा केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रही। यह हर उस परिवार के दिल पर गहरी चोट बनकर उतरी, जो अपनों की सलामती के लिए हर पल ईश्वर से प्रार्थना करता रहा। बुजुर्गों की कांपती आंखें, महिलाओं की बेबसी और बच्चों का भयभीत चेहरा उस त्रासदी की सबसे दर्दनाक तस्वीर थी। कई स्थानों पर युवाओं ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए जान जोखिम में डालकर बुजुर्गों को कंधों पर उठाया और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया, लेकिन हर कोई जानता था कि यह संघर्ष अस्थायी राहत भर है। बाढ़ की विभीषिका से आस्था और जनसेवाएं भी अछूती नहीं रहीं। मंदिरों और सार्वजनिक भवनों में पानी भर गया, जिससे श्रद्धा के स्थानों पर भी सन्नाटा छा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी घुसने से इलाज व्यवस्था चरमरा गई, ऐसे समय में जब बीमार और जरूरतमंदों को सबसे अधिक सहारे की आवश्यकता थी। बाजारों में पानी भरते ही व्यापार ठप पड़ गया। दुकानदारों ने प्रशासनिक सहायता की प्रतीक्षा किए बिना स्वयं ही सामान समेटा, लेकिन लाखों रुपये का नुकसान उनकी विवशता बनकर रह गया। कई दिनों तक बाजारों में पसरा सन्नाटा नगर की धड़कन को थामे हुए था। जिससे हजारों परिवारों की रोजी-रोटी पर सीधा प्रहार हुआ। बरसात के बाद नगरवासियों की पीड़ा और गहरी हो गई। नचना नदी में फैली गंदगी और लंबे समय तक जमा रहा पानी बीमारियों का कारण बना। मच्छरों की भरमार से डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार ने घर-घर दस्तक दी।





नगर के मोहल्लों, शिव मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घुसा नचना नदी का पानी

## नदी का प्राकृतिक स्वरूप नष्ट हो चुका

*इस हृदय को विचलित कर देने वाले अध्याय में एक कटु सत्य बार-बार सामने आया कि नचना नदी का प्राकृतिक स्वरूप वर्षों पहले ही नष्ट हो चुका है। अतिक्रमण, अवैध निर्माण और नदी में लगातार डाले जा रहे कूड़े ने उसे नाले का रूप दे दिया। बरसाती नदी होने के कारण जब उसमें पानी बढ़ा, तो निकासी का मार्ग न मिलने से वह नगर के भीतर फैल गई और तबाही मचा गई। सन् 2025 की यह त्रासदी केवल एक घटना नहीं बल्कि एक गंभीर चिंता का विषय है। इससे पहले सन् 2010, 2019 में भी नगरवासियों को इसी आपदा का सामना करना पड़ा था।*

# यूपी-उत्तराखंड के वनाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया पैदल मार्च

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** वन क्षेत्र में अवैध गतिविधियों एवं शिकारियों की घुसपैठ की आशंका के मद्देनजर उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के वनाधिकारियों ने वन क्षेत्र के सीमावर्ती संवेदनशील इलाकों में संयुक्त रूप से पैदल मार्च किया और वन गुर्जरों के डेरों पर सघन सर्च अभियान भी चलाया। उत्तराखंड के ढेला रेंज से शुरु किया गया यह पैदल मार्च गुर्जर कैंप, शिकारी कुआं, गुर्जर डेरा, झुल्लो मोड़ चौकी, पतरामपुर, जसपुर, बादीगढ़ चौराहा, केहरीपुर जंगल, फतेहपुरधारा, गुर्जर गेट व लालबाग आदि क्षेत्रों से गुजरा। पैदल मार्च में शामिल वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ श्रीमती अंकिता किशोर ने बताया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष का न्यूनीकरण, अवैध गतिविधियों की सम्भावना एवं शिकारियों की घुसपैठ की आशंका पर प्रभावी नियंत्रण इस पैदल मार्च का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान दोनों राज्यों के अनेक वनाधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



पैदल मार्च के दौरान चैकिंग करते वनाधिकारी।

# मान जाओ पड़ोसी बांग्लादेश वर्ना वजूद नहीं रहेगा शेष

## काजी जियाउर्रहमान ने जताया हिन्दुओं की हत्या पर रोष

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिन्तक काजी जियाउर्रहमान ने बांग्लादेश में फैल रही अराजकता तथा हिन्दुओं को निशाना बनाकर की जा रही हत्याओं पर चिन्ता व्यक्त करते हुए बांग्लादेश के वजूद को खतरा बताया। उन्होंने बांग्लादेश व पाकिस्तान में फैली कहरता पर कहा कि कहरपंथी दुनिया के विकास में रोड़ा बने हुए हैं और अपने साम्राज्य को बचाने के लिये हर समय नफरत का बाजार गर्म रखते हैं। अमेरिका की सरपरस्ती मिलने से वह कहावत चरितार्थ हो रही है कि एक तो करेला ऊपर से नीम पर चढ़ा। भला अमेरिका जिसके डीएनए में नफरत अराजकता आर सौदेबाजी है, उसका साया जिस पर पड़ जाये उसको बर्बाद होने को कौन रोक सकता है। बांग्लादेश के कहरपंथियों को यह नहीं भूलना चाहिये कि इसी हिन्दुस्तान की वजह से आज वो आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। अगर हमने अराजकता व आतंकवाद का जवाब दिया तो वजूद भी नहीं बचेगा।

# 'सबरंग' ने दी वरिष्ठ कवि नीरज कान्त सोती को श्रद्धांजलि

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के वरिष्ठ कवि नीरज कांत सोती के काशी में हुये आकस्मिक निधन पर बिजनौर की प्रमुख साहित्यिक संस्था 'सबरंग' की बैठक में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था के अध्यक्ष गिरीश त्यागी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सोती जी के नजदीक रहे तथा 'सबरंग' के संयोजक हुक्का बिजनौरी ने बताया कि वह काफी दिनों से आजमगढ़ में अपने पुत्र अंकुर सोती के पास रह रहे थे। यहां रह रहे उनके दूसरे पुत्र अंकित सोती के अनुसार वह काशी में एक कार्यक्रम में शामिल होने गये थे, वहाँ उनका अचानक देहांत हो गया। हुक्का बिजनौरी ने बताया कि वह कई वर्षों से 'सबरंग' के संरक्षक थे तथा 'सबरंग' की रजत जयंती पर संस्था द्वारा उनको सम्मानित भी किया गया था। सोती जी छंदोबद्ध रचनाएं करते थे तथा उन्होंने सुन्दरकाण्ड की चौपाइयों का छंदों के रूप में हिन्दी रूपान्तरण भी किया था। देर रात्रि उनका शव बिजनौर लाया गया तथा आज दोपहर गंगा बैराज पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। बैठक में गिरीश त्यागी, ओमप्रकाश परमार, डा. अनिल चौधरी, नरेन्द्र शिखर, कृष्ण कुमार पाठक, मनोरंजन शर्मा, डा. अशोक कुमार शर्मा, आरिफ गांधी आदि ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



फाइल फोटो

# रेडियो संदेश की टीम ने दिया सर्दी से बचाव का संदेश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 प्रवर्तक कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज ने इस्लामपुर दास में श्री नरेश शर्मा के आवास पर 'सेहत सही, लाभ कई' कार्यक्रम के अंतर्गत एक मीटिंग आयोजित की जिसमें आजकल अधिक सर्दी के कारण होने वाली सामान्य बीमारियों से बचाव, सावधानी और उनके सही उपचार के बारे में रेडियो टीम सदस्य मनोज यादव जी ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजकल जैसे सर्दी, जुकाम, वायरल बुखार, कोल्ड एलर्जी आदि बीमारियों अधिक हो जाती है, उनसे बचना चाहिए। सुनील भारद्वाज ने बताया कि हमें अधिक से अधिक गर्म कपड़े, कैप या मफलर आदि प्रयोग करना चाहिए। इसी के साथ-साथ पोषण से भरपूर भोजन लेना चाहिए। हरी सब्जियां, ताजे फल अवश्य ले, भोजन गर्म ही ले जिससे कि इम्युनिटी मजबूत बनी रहे और बीमारियों से लड़ने की शक्ति पर्याप्त बनी रहे, और हम स्वस्थ रह सके। इस अवसर पर अनेक ग्रामवासी प्रभाकर शर्मा, इसरार अहमद, शाहना, मोनू, योगेंद्र सिंह, हर्ष कुमार, जलील अहमद, राजवीर सिंह, हरिराम आदि अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। रेडियो संदेश बिजनौर की ओर से सुनील भारद्वाज, श्यामल मंडल, मनोज यादव, डॉ शबनम आदि का सहयोग रहा।



# वर्ष भर लोगों पर तारी रहा गुलदार का आतंक

-राशिद मलिक, बढ़ापुर

## इस वर्ष 8 लोगों की जान ले चुके गुलदार

बिजनौर (चिंगारी) जनपद में मानव- गुलदार संघर्ष साल 2023 से जनपद वासियों के लिए एक बड़ी समस्या बना हुआ है।आंकड़ों पर नज़र डाले तो 100 से अधिक गुलदारों के पकड़े जाने के बावजूद इस चतुर शिकारी द्वारा इंसानों का शिकार किए जाने की घटनाएं बंद नहीं हुई है। साल 2025 में भी गुलदार जनपद में 8 लोगों की जान ले चुके हैं।जनपद में हो रही इस जनहानि के चलते किसान यूनियनों और वन विभाग के अधिकारियों के बीच बार-बार टकराव की स्थिति बन जाती है। फरवरी 2023 से जनपद में गुलदारों का जो आतंक शुरू हुआ था वह थमने का नाम नहीं ले रहा है। जनपद का अब शायद ही कोई ऐसा गांव हो जहां गुलदार की आमद न हो। इस अवधि में गुलदार वनों से निकलकर खेत-खलिहानों से होते हुए गांवों, कस्बों और शहरों की घनी आबादी के बहुत नज़दीक तक पहुंच गए हैं। खास बात यह है कि अब वन्य जीव गुलदारों की सक्रियता आरक्षित वन क्षेत्रों के समीप बहुत कम और मानव आबादी के पास बहुत अधिक बनी हुई है। इसी का नतीजा है कि गुलदारों द्वारा जनपद के रिज़र्व फॉरेस्ट वाली रेंजों में इंसानों का शिकार किए जाने की घटनाएं बहुत कम और सामाजिक वानिकी की रेंजों में अधिक होने से आंकड़े बहुत डरावने बनते जा रहे है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2023 में नजीबाबाद डिवीजन की पांचों आरक्षित रेंजों में गुलदारों द्वारा कोई जनहानि नहीं हुई थी जबकि सामाजिक वानिकी बिजनौर डिवीजन की रेंजों में गुलदारों ने 17 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इसी तरह साल 2024 में भी नजीबाबाद डिवीजन की किसी भी आरक्षित रेंज में गुलदारों द्वारा इंसानों को हताहत किए जाने की कोई घटना नहीं हुई थी जबकि सामाजिक वानिकी बिजनौर की रेंजों में गुलदारों ने सात लोगों को अपना शिकार बना लिया था।



गुलदारों के इस आतंक के बीच जब जनपद में खेती करना मुश्किल हो गया और लगातार गुलदार इंसानों का शिकार करते रहे तब किसान यूनियन ने वन अधिकारियों का घेराव करना शुरू किया तब जाकर इसकी गूंज लखनऊ तक पहुंची थी जिससे जनपद वासियों को निजात दिलाने के लिए गुलदारों को पिंजरे लगाकर पकड़ने का अभियान शुरू हुआ था। इस अभियान के अंतर्गत बीते तीन वर्षों में वन विभाग और सामाजिक वानिकी, कुल मिलाकर 100 से अधिक गुलदारों को पकड़ चुके हैं मगर इसके बावजूद इंसानों का शिकार होने की घटनाएं रुक नहीं रही है। साल 2025 में भी गुलदार जनपद में आठ लोगों की जान ले चुके है। इस साल नजीबाबाद डिवीजन मे गुलदारों ने एक महिला और तीन मासूम बच्चों को अपना शिकार बनाया था जबकि सामाजिक वानिकी बिजनौर की रेंजों में गुलदार पांच लोगों को मौत की नींद सुला चुके हैं।

### 2025 में किसान यूनियन और वन विभाग में टकराव देखने को मिला

जनपद में गुलदारों द्वारा फरवरी 2023 से अब तक 35 लोगों की जान ली जा चुकी है। लगातार हो रही जन - हानि को देखते हुए जनपद से गुलदारों के आतंक को समाप्त करने के लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौ0 दिगंबर सिंह के नेतृत्व में सितंबर 2025 में डीएफओ नजीबाबाद व बिजनौर कार्यालयों पर 15 दिनों तक धरना प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान वन विभाग की कार्यशैली से ख़फ़ा भाकियू अ0 के कार्यकर्ताओं ने डीएफओ नजीबाबाद के कार्यालय में पशुओं को भर दिया था तथा गुलदार की शिकार महिला का अंतिम संस्कार करने के लिए भी कार्यालय परिसर में ही चिता बना दी गई थी। गुलदारों के लगातार शिकार किए जाने की घटनाओं के चलते किसान यूनियनों और वन विभाग के बीच बार-बार टकराव की स्थिति बन जाती है। किसान यूनियन के दबाव में ही वन विभाग की और से जनपद को गुलदार मुक्त करने के लिए उनके बंध्यकरण कराए जाने की प्रक्रिया सहित कुछ और प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे गए हैं।






डीएफओ कार्यालय नजीबाबाद में धरना देते व पशु भरते भाकियू अ. के नेता

## शहरों की तरह ठंड से ठिठुर रहे गांव, आखिर वहां क्यों नहीं जलते अलाव?

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। साल का अंत चल रहा है। पिछले कई दिनों से कड़ाके की सर्दी व ठंडी हवाएं चलने से ठंड काफी बढ़ गई है। ठंड के प्रकोप से लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे है। जिस किसी को बहुत जरूरी कार्य है वहीं इस समय कही बाहर आ जा रहे है। ठंड को देखते हुए शासन के आदेशानुसार सभी विद्यालयों में आगामी एक जनवरी तक का अवकाश कर दिया गया है। किसान अपने पशुओं को भी गर्म कपड़ों से ढक कर उनका पालन पोषण कर रहे है, जिससे पशु भी ठंड से बचे रहे। ठंड के मौसम में बाजारों में भी रौनक नहीं दिखाई दे रही है। धूप के ना निकलने से मौसम में ठिठुरन बढ़ रही है। इस समय बाजारों में केवल जरूरी सामान की खरीदारी की जा रही है। मौसम विभाग ने भी ठंड को देखते हुए गाइड लाइन जारी कर दी। कोहरे में वाहनों की रफ्तार भी धीमी हो गई है। वाहन स्वामी अपने वाहन को धीमी गति के साथ सतर्कता के साथ चला रहे है। कोहरे के कारण कई ट्रेनें भी प्रभावित हो रही है। जनपद बिजनौर में सभी नगर पालिका, नगर पंचायत में ठंड से बचाव के लिए अलाव व बेसहारा लोगों के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की तरह अलाव की व्यवस्था क्यो नहीं की जाती है? क्या ग्राम पंचायत (गांव) में इंसान नहीं रहते है? क्या गांव में निवास करने वाले लोगों को ठंड नहीं लगती? मंडावली गांव में किसान अपने घरों में खुले स्थान पर लकड़ी जलाकर ठंड दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि सामान की खाली पॉलीथिन, कागज को इकट्ठा कर जलाकर ठंड को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। आखिर ये भेदभाव क्यो ? मंडावली निवासी अरुण चौहान, राजीव कुमार, विजय सिंह, कल्लू सिंह, राजेंद्र, राजकुमार, गुलशन, सलीम आदि का कहना है कि अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को भी गांव की ओर भ्रमण कर देखना चाहिए कि गांव के लोगों को भी ठंड लगती है। ग्रामीणों ने जनपद के उच्चाधिकारियों से भी नगर पालिका, नगर पंचायत की तरह मंडावली के साथ जनपद के सभी गांव में अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है। मंडावली की ग्राम प्रधान श्रीमती शाहजहां ने बताया कि ग्राम पंचायत में अलाव की व्यवस्था के लिए अलग से कोई बजट नहीं आता है। उन्होंने भी इस कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए ग्रामीणों का समर्थन करते हुए नगर पालिका व नगर पंचायत की तरह सभी ग्राम पंचायतों में अधिकारियों से अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है।




आग जलाकर सर्दी से बचने का प्रयास करते ग्रामीण।

# रोटरी स्वर्ण जयंती नववर्ष मेले का रंगारंग समापन



## आशी चुनी गई मिस कोटद्वार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब की ओर से देवी रोड स्थित विजय गार्डन में आयोजित तीन दिवसीय रोटरी स्वर्ण जयन्ती नव वर्ष मेला संपन्न हो गया। अंतिम दिन लोकनृत्य प्रतियोगिता व मिस कोटद्वार का फाइनल चरण आयोजित किया गया। समापन दिवस की प्रतियोगिताओं का आरंभ नगर निगम महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने किया। उन्होनें कहा कि सांस्कृतिक, कलात्मक व शैक्षणिक प्रतियोगिताए बच्चों के अन्दर प्रतिस्पर्धात्मक भावना जागृत करती है और बच्चे भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। क्लब इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। तत्पश्चात शरतचंद्र गुप्ता के संयोजकत्व में आयोजित एकल लोकनृत्य प्रतियोगिता के प्राइमरी वर्ग में आरूष पाल पहले, अविका गुसाईं दूसरे और ऐश्वर्या तीसरे स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में अवनी रावत ने पहला, आर्वी नेगी ने दूसरा और अनन्या शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में राधिका नेगी पहले, अन्या अग्रवाल दूसरे व अशिंका रावत तीसरे स्थान पर रही वहीं ओपन वर्ग में शिवम पटवाल ने पहला, मोहना रावत ने दूसरा और सोफिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अनीत चावला के संयोजकत्व में आयोजित मिस कोटद्वार के फाइनल में आशी पहले, दीक्षा सैनी दूसरे और मीमांसा तीसरे स्थान पर रही। विजेता प्रतिभागियो को पुरस्कृत करने के साथ ही मेले का समापन किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन, सचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश अग्रवाल, मेला संयोजक अभय रावत, उपाध्यक्ष डीपी सिंह, उपसचिव बीना रावत, अनीत चावला, सचिन गोयल और गोपाल बसंल सहित क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## सैंड ड्यून डे पर शहीदों को अर्पित की पुष्पांजलि

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गौरव सैनिक पैराशूट रेजिमेंट स्पेशल फोर्स संगठन की ओर से सोमवार को सैंड ड्यून डे के अवसर पर बीईएल रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सैंड ड्यून डे में शहीदों को पुष्प अर्पित किये गये। इस अवसर पर संगठन संरक्षक सोहन सिंह गुसाईं ने कहा कि 1971 के सैंड ड्यून आपरेशन में चार पैरा ने पाकिस्तान के माईन फील्ड को चीरते हुए मुख्य ड्यून पर कब्जा किया था। पाकिस्तान पहले ही युद्ध हार चुका था पर मुख्य ड्यून से पीछे नहीं हट रहा था। पैरा के कमांडों व सैनिकों ने कैजुअल्टी के बाद भी ड्यून पर अपना कब्जा किया। मौके पर कई पूर्व सैनिकों के संगठन से जुड़ने पर उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान संगठन अध्यक्ष गजराज सिंह नेगी, सचिव बलवान सिह रावत, उपेन्द्र सिह रावत, डबल सिंह, बिजेंद्र सिंह रावत, कमलेश्वर प्रसाद, पूरन सिंह सिंह रावत, अनूप ध्यानी, चन्द्रशेखर सिंह चौहान और गोपाल सिंह नेगी आदि उपस्थित रहे।

## एक माह बाद भी संदीप का सुराग नहीं

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** कनखल थाना क्षेत्र से लापता युवक का एक महीने बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने उसकी गुमशुदगी को अपहरण में तरमीम कर जांच शुरू कर दी है। एसओ मनोहर सिंह रावत ने बताया कि मूल रूप से ग्राम अमीपुर उर्फ नारायणपुर कोतवाली बिजनौर निवासी 33 वर्षीय संदीप कुमार वर्तमान में अपनी पत्नी मीनाक्षी के साथ कनखल के मिस्सरपुर क्षेत्र में रह रहा था 13 नवंबर को वह किसी कंपनी में काम देखने की बात कह कर घर से निकला था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। पत्नी ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। अब उसकी गुमशुदगी को अपहरण में बदलकर जांच शुरू कर दी है।

## एमकेवीएन ग्रुप के विद्यालयों में मनाया गया द्विवार्षिक महोत्सव

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** एमकेवीएन एजुकेशनल ग्रुप के विद्यालयों में रविवार को बेनियल कल्चरल फीस्ट के अंतर्गत द्विवार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। ग्रुप के विद्यालयों एमकेवीएन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कण्वघाटी, एमकेवीएन इण्टरनेशनल स्कूल देवीरोड एवं एमकेवीएन स्कूल दुर्गापुरी के संयुक्त महोत्सव का मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ऋषि कण्डवाल, विशिष्ट अतिथि अजयपाल सिंह रावत, डॉ. पदमेश बुड़ाकोटी एवं प्रबंध निदेशक प्रकाश चन्द्र कोठारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में बच्चों ने संस्कृत के श्लोकों का जाप करके वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ईश वंदना में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य के माध्यम से सरस्वती माता की वंदना की। वहीं विद्यार्थियों ने उत्तराखण्डी सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर लोगां को प्रदेश की झलक दिखाई। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नंदाजात यात्रा जागर नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा। ताईक्कांडों मार्शल आर्ट के तहत बच्चों ने विभिन्न कलाओं को प्रदर्शित कर आत्मरक्षा के गुर प्रदर्शित किये। इस अवसर पर सिन्धु कोठारी, विपिन जदली, रिपुदमन बिष्ट, शूरवीर खेतवाल, शशि भूषण अमोली, राजेन्द्र प्रसाद पंत, बीना मित्तल और सुभाष चन्द्र कोठारी सहित अभिभावकगण मौजूद रहे।

## होटल में चल रहा था अवैध बार, दो को किया गिरफ़्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** होटल में अवैध रूप से बार संचालित करने पर पुलिस ने रात्रि में छापामारी कर दो होटल संचालकों अर्जुन सागर और किशन सिंह पौड़ी निवासी को 60/68 आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी पौड़ी जयपाल सिंह नेगी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर बीती रात होटल में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो होटलो पर खुलेआम जाम से जाम टकराए जा रहे थे। पुलिस ने अवैध रूप से बार संचालित करने पर दोनों होटल संचालकों को गिरफ्तार कर लिया है।

## महर्षि विद्या मंदिर में हुई स्पोर्ट्स मीट

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में स्पोर्ट्स मीट आयोजित की गई। मीट का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह गुसाईं ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने हाउस वाइज परेड की। तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सीनियर वर्ग की 800 मीटर रेस बालक वर्ग में क्षितिज नेगी, रौनक सिंह और आयुष पंवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में आरुषि पंवार व दिव्यांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो एवं शॉट पुट बालक वर्ग में शिवांक कुमार एवं बालिका वर्ग में दिव्यांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की 100 और 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में ऋषभ बडोला व कार्तिक चौहान एवं बालिका वर्ग में वंशिका और नव्या नेगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी व प्री-प्राइमरी वर्ग की फ्रॉग रेस, स्पून रेस, 50 मीटर रेस, बैलून रेस व कलेक्ट द बॉल में शिवांक रावत, अभिनव चौहान, रौनक, अदिति ध्यानी, आराध्या, माही, अवनी यादव, वेदांशी अद्विक कुमार, कृष्णा आराध्या, अनन्या, जिया, दिव्या व कनिष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## राजकीय शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित मंडलीय मंत्री का किया गया अभिनन्दन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देहरादून में कुछ दिनों पूर्व हुये राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल अधिवेशन के दौरान चुनावों में पूर्व जिलामंत्री मनमोहन सिंह चौहान को संघ का मंडलीय मंत्री चुने जाने पर संघ की ब्लॉक एवं विद्यालयी शाखा द्वारा अभिनंदन किया गया। इस संबध में सोमवार को राजकीय इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि गढ़वाल मंडल के शिक्षकों ने मुझ पर विश्वास कर भारी मतों से जिताकर जो दायित्व मुझे दिया है, मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। कहा कि वे शिक्षकों के मंडल स्तरीय कार्यों के साथ-साथ संगठन की मजबूती, एकजुटता व शिक्षक तथा छात्र हित मे कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शासन स्तर के प्रकरणों को प्रांतीय कार्यकारिणी के साथ मिलकर निस्तारित करने के हर संभव प्रयास किये जाएंगे। मौके पर ब्लॉक व जनपद के अनुरूप मंडल एवं प्रांत स्तर पर भी सभी शिक्षकों को मतदान करने का अधिकार से संबंधित लिखित प्रस्ताव प्रांतीय कार्यकारिणी को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर नागेंद्र चौहान, डॉ. पदमेश बुडाकोटी, डबल सिंह रावत, संजय रावत, दीपक नौटियाल, अनूप नेगी, पूरनचंद धूलिया, जयकृत नेगी, सीतांशु खुगसाल और कुलदीप मैंदोला सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन

### छात्रों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन


**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विकासखंड एकेश्वर के विद्यालयों की सपनों की उड़ान कार्यक्रम के तहत जनता इंटरमीडिएट कॉलेज सुराईडांग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों व छात्रों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य बड़ेथ ख्यात सिंह नेगी व विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान बबीता नेगी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ख्यात सिंह नेगी ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के आयोजन से कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा और वे विकासखंड से लेकर राज्य तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। तत्पश्चात अभिभावकों के लिए आयोजित कुर्सी दौड़ में अनुराधा देवी प्रथम, सुनीता देवी द्वितीय व नैंसी देवी तृतीय स्थान पर रही। रैंप वॉक में अर्नव व सरिता, आराध्या व लवली पंत व दिया व नीलम देवी की जोड़ी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। लोक नृत्य में अर्नव व सरिता देवी ने पहला, गुंजन व अनुराधा देवी ने दूसरा और ईशा व सुनीता देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लोकगायन व नुक्कड़ नाटक में अटल उत्कृष्ट राइंका श्रीकोटखाल, राउप्रावि स्योली, राउप्रा वि ड्यूल्ड क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर बीआरसी समन्वयक यतेंद्र मोहन धस्माना, नोडल अधिकारी संजय रावत, प्रधानाचार्य अतुल मिश्रा, कीर्तिका, हरपाल रावत, सुधीर रावत, लक्ष्मण नेगी, यशवंत रावत और शैलेन्द्र भंडारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# गांधी परिवार में जल्द बजेगी शहनाई

## प्रियंका के बेटे रेहान गर्लफ्रेंड अवीवा बेग से करेंगे सगाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** देश की सियासत में ताकतवर माने जाने वाले गांधी परिवार में अब शादी की शहनाई बजने जा रही है। कांग्रेस महासचिव और केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। रेहान की सगाई होने जा रही है। रेहान अपनी गर्लफ्रेंड अवीवा बेग के साथ सगाई करने जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक रेहान वाड्रा और अवीवा पिछले सात साल से इस रिलेशनशिप में हैं। रेहान ने हाल ही में अवीवा को शादी के लिए प्रपोज किया। रेहान और अवीवा की शादी के लिए दोनों ही परिवारों ने अपनी सहमति दे दी है। दोनों परिवारों ने इस रिश्ते को अपनी मंजूरी दे दी, जिसके बाद सगाई होने जा रही है। वाड्रा परिवार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक रेहान की ओर से शादी के प्रस्ताव को अवीवा ने खुशी-खुशी स्वीकार कर लिया। नये साल से पहले इस खुशहाल रिश्ते की औपचारिक शुरुआत होने जा रही है। सूत्रों की मानें तो सगाई समारोह राजस्थान में हो सकता हो, जो दो से तीन दिन का एक निजी आयोजन होगा। हालांकि, सगाई की तारीखें अभी सामने नहीं आई हैं। जनवरी, 2026 की शुरुआत में सगाई होने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। हालांकि, दोनों ही परिवारों ने रेहान-अवीवा की सगाई पर आधिकारिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। दोनों की शादी की तारीख तय होनी अभी बाकी है। शादी की तारीख भी जल्द ही तय हो सकती है। अवीवा बेग का परिवार दिल्ली का ही रहने वाला है।




## तुरन्त आवश्यकता

चौधरी यामाहा की वर्कशॉप में एक कुशल व अनुभवी मैकेनिक की। कम से कम एक साल के अनुभवी को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन, योग्यता व अनुभवानुसार। सम्पर्क करें-
सिविल लाइंस, स्टेशन रोड, बिजनौर मो. 9927004784



गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476


## बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का ढाका के अस्पताल में निधन



**ढाका ( एजेंसी/चिंगारी )।** बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन दशकों से अधिक समय तक देश के राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहीं बेगम खालिदा जिया का आज लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। उनके बेटे तारेक रहमान, जो स्वेच्छा से ब्रिटेन में निर्वासन में चले गए थे, चुनाव लड़ने और अपनी बीमार मां को देखने के लिए हाल ही में स्वदेश वापस लौटे थे। बेगम जिया ने नेतृत्व वाली बंगलादेश राष्ट्रवादी पार्टी ने उनके निधन की पुष्टि की। उनका निधन ढाका के एवरकेयर अस्पताल में आज सुबह छह बजे हुआ, जहां पिछले पांच हफ्तों से उनका इलाज चल रहा था।


## बिकाऊ है

एक दुकान का नया स्टील फर्नीचर जिसमें तीन रैक एवं दो काउंटर सहित बिकाऊ हैं।
सम्पर्क करें-
मो. 9457013920


## 700 करोड़ के क्लब में शामिल हुई 'धुरंधर'

**मुंबई ( एजेंसी/चिंगारी )।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' भारतीय बाजार में 700 करोड़ रूपये की कमाई करने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बन गयी है। फिल्म 'धुरंधर' 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। इनके अलावा अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन जैसे सितारे हैं। फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फिल्म की चर्चा फिल्म इंडस्ट्री के गलियारों में खूब चल रही है। फिल्म 'धुरंधर' ने इतिहास रच दिया है। स्पाई थ्रिलर 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर लगातार नये कीर्तिमान बना रही है। रिलीज के पहले दिन से लेकर अब तक धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन कर रही है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'धुरंधर' ने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 207.25 करोड़ की जबरदस्त कमाई की थी। फिल्म 'धुरंधर' ने दूसरे सप्ताह में 253. 25 करोड़ का शानदार कारोबार किया था। तीसरे सप्ताह में भी फिल्म 'धुरंधर' ने 172 करोड़ की धमाकेदार कमाई की। इस फिल्म ने 22वें दिन 15 करोड़, 23वें दिन 20.5 करोड़ और 24वें दिन 22.5 करोड़ का कारोबार किया।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

ATHER स्कूटर पर 20,000/- तक का ऑफर केवल 31 दिसम्बर 2025 तक

ATHER ELECTRIC DECEMBER
You can wait or
YOU CAN SAVE
₹ 20 000*
₹10 000 On Credit Card
₹10 000 Cash benefits



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911